


देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

जनहित का सजग प्रहरी

# जन जन जागरण

Web Site: www.janjanjagran.com | भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित | भोपाल, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 | वर्ष-31 अंक-253 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए





## ब्रीफ न्यूज़

### लगातार 7 दिन की तेजी के बाद गिरा शेयर बाजार

**मुंबई।** लगातार 7 दिन तेजी के बाद गुरुवार को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 315 अंक गिरकर 79,801 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 82 अंक की गिरावट रही, ये 24,247 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट रही। हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर में 4 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही। इसके अलावा, जोमैटो, एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 1 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। वहीं, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा के शेयर में 3.3 प्रतिशत की गिरावट रही।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 में गिरावट रही। एनएसई के निफ्टी रियल्टी और एफएमसीजी इंडेक्स में सबसे ज्यादा 1.41 प्रतिशत तक की गिरावट रही। इसके अलावा, ऑटो, आईटी और बैंकिंग में भी मामूली गिरावट रही।

### सौरभ और शरद की जमानत याचिका खारिज

**भोपाल।** ईडी की विशेष अदालत ने परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और शरद जायसवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी है। सौरभ शर्मा और शरद जायसवाल ने ईडी के विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार घोष ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों आरोपियों को जमानत देने से इंकार कर दिया है।

ईडी द्वारा आठ अप्रैल को सौरभ शर्मा सहित 12 आरोपियों के खिलाफ प्रस्तुत किए गए चालान के बाद सौरभ की मां उमा शर्मा, पत्नी दिव्या शर्मा, साले रोहित तिवारी और रिश्ते के जीजा विनय आसवानी को ईडी की विशेष अदालत से जमानत मिल चुकी है। हालांकि यह आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए थे। लोकायुक्त पुलिस द्वारा दर्ज किए गए भ्रष्टाचार के मामले में विशेष न्यायालय से सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल को जमानत मिल चुकी है, लेकिन ईडी प्रकरण में तीनों भोपाल केंद्रीय जेल में बंद हैं।

### 14 माओवादी ने किया आत्मसमर्पण

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में चौदह माओवादी ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। आईजीपी ने कहा कि इस साल अब तक करीब 250 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 से अब तक 12 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। एक प्रेस विज्ञप्ति में पुलिस ने बताया कि माओवादियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम ऑपरेशन च्युता चलाया जा रहा था, जिसके तहत विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानने के बाद माओवादी हथियार छोड़कर आत्मसमर्पण कर रहे हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले अधिकांश माओवादी पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के हैं।

### गौतम गंभीर को जान से मरने की धमकी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर को जान से मारने की धमकी मिली है। बुधवार को आईएसआईएस कश्मीर नाम की मेल आईडी से दो मेल आए। दोनों में लिखा था- आई किल यू। इसके बाद गौतम ने गुरुवार को दिल्ली के राजेंद्र नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। गंभीर ने पुलिस से परिवार और करीबी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की है। गंभीर को नवंबर 2021 में भी धमकी भरा मेल आया था। तब वे पूर्वी दिल्ली से सांसद थे।

### खालिस्तानी आतंकी मंगत सिंह गिरफ्तार

**अमृतसर।** उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ते और साहिबाबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने अमृतसर में छापेमारी कर एक खालिस्तानी आतंकवादी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह आतंकवादी पिछले 30 वर्षों से फरार चल रहा था। सूचना मिलने के बाद यूपी एटीएस की टीम ने अमृतसर ग्रामीण पुलिस से संपर्क किया। जिसके बाद टिम्मेवाला गांव में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आतंकवादी की पहचान मंगत सिंह के रूप में हुई है।

## भारत की आत्मा पर हमला, सोचा नहीं होगा ऐसी सजा मिलेगी: पीएम मोदी

### मधुबनी की रैली में लगे- पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे



**मधुबनी।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मधुबनी जिले के झंझारपुर में अपनी पहली सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। पीएम मोदी के मंच पर आते ही रैली स्थल पर मौजूद लोगों ने जोरदार नारों से आतंकवाद के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर कर 'पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

पीएम मोदी ने रैली की शुरुआत से पहले पहलगाम में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए सभी लोगों से दो मिनट का मौन रखने की अपील की। उन्होंने कहा, यह हमला केवल हमारे निहत्थे पर्यटकों पर नहीं था, बल्कि यह भारत की आत्मा पर हुआ दुस्साहसी वार था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जिन्होंने यह हमला किया है, उन्हें उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है।

इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी आतंकी घटना की तीखी आलोचना की और मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा, हम पहलगाम हमले की निंदा करते हैं, पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट है।

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम में भाग लेकर मधुबनी में विकास कार्यों का शुभारंभ किया। सीएम नीतीश कुमार भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। पहलगाम आतंकी हमले के कारण कार्यक्रम को सदागी से मनाया गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री सहित किसी भी गेस्ट का स्वागत और सम्मान नहीं किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने मधुबनी में करीब 13,500 करोड़ की लागत वाली कई बुनियादी और कल्याणकारी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इतना ही नहीं रैली में आए हजारों लोगों से कुछ पल का मौन रखने कहा। पीएम मोदी ने कहा, मैं अपनी बात प्रारंभ करने से पहले आपसे प्रार्थना करना चाहता हूं कि आप जहां हैं, वहीं पर बैठकर 22 तारीख को जिन परिवार जनों को हमने खोया है, उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ पल मौन रखें।

## भारत-पाकिस्तान तानातनी के बीच स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस सूरत ने हासिल की बढ़ी सफलता

### पाकिस्तान से बाजी मार ले गया भारत



**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से केंद्र की मोदी सरकार एक्शन मोड में है। एक दिन पहले ही पड़ोसी मुल्क के खिलाफ बड़े फैसले लेने के बाद अब तैयारियां सैन्य स्तर पर हो रही हैं। इसी बीच, भारतीय नौसेना ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नौसेना के अपने बनाए स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस सूरत ने समुद्र में तेजी से उड़ने वाले टारगेट पर सटीक हमला कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह उपलब्धि नौसेना की ताकत को और मजबूत करती है। दरअसल अरब सागर में हुआ यह सफल परीक्षण इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि पाकिस्तान भी अरब सी में एक मिसाइल परीक्षण करने वाला है। जानकारी के अनुसार, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार की ओर से लिए गए ताबड़तोड़ फैसलों के बाद पाकिस्तान मिसाइल परीक्षण करने जा रहा है। पाकिस्तान ने अरब सागर क्षेत्र में मिसाइल परीक्षण करने का फैसला लिया है। यह मिसाइल सतह से सतह पर मार करने वाली होगी और यह परीक्षण 24-25 अप्रैल को कराची तट पर होगा। भारत की जांच एजेंसियां घटनाक्रम पर नजर रखे हुए हैं। इस लेकर गृह मंत्रालय मंग रॉ और आईबी चीफ की गृह सचिव के साथ उच्चस्तरीय बैठक हो रही है।

बता दें कि इसके पहले बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हुई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी (सीसीएस) ने सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया। यह पहली बार है जब भारत ने इतना बड़ा और सख्त कदम उठाया है। भारत और पाकिस्तान के बीच तीन बड़ी जंग हो चुकी है लेकिन पहले कभी भी इस संधि को स्थगित नहीं किया गया।

## सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा

### एमएसएमई में हर घर से एक व्यक्ति को रोजगार

### मंडियों में दूध, सब्जी सुरक्षित रखने का काम होगा शुरू, दो माह में रोजगार मेले लगेंगे



**भोपाल।** भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संकेत दिए हैं कि आने वाले समय में हर परिवार से कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार या स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। इसके लिए प्रदेश के हर जिले की परिस्थिति और वहां की विशेष दक्षताओं के आधार पर एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) गतिविधियों का विस्तार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश समत्व भवन में हुई एमएसएमई विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में विभागीय मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह, वित्त विभाग के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में संभावनाएं बहुत हैं, जरूरत है उन्हें सही दिशा देने की। अगर एमएसएमई को सही समर्थन मिले, तो हर घर में एक रोज़गार खड़ा किया जा सकता है।

#### मंडियों में विकसित की जाएगी स्टोरेज सुविधा

बैठक में यह भी तय किया गया कि कृषि उपज मंडियों में दूध, फल-सब्जी जैसी वस्तुओं को सुरक्षित रखने के लिए स्टोरेज सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इस योजना की शुरुआत रतलाम से होगी। इसका उद्देश्य छोटे उत्पादकों और उपभोक्ताओं दोनों को फायदा पहुंचाना है।

#### हर दो महीने में लगेगा उद्योग-रोजगार दिवस

राज्य सरकार अब हर दो माह में प्रदेश के अलग-अलग अंचलों में उद्योग-रोजगार दिवस का आयोजन करेगी। इसका मकसद युवाओं को स्थानीय अवसरों से जोड़ना और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तेल घानी, मसाला-आटा चक्की, कोदो-कुटकी व अन्य मोटे अनाजों की प्रोसेसिंग यूनिट्स को बढ़ावा दिया जाए। इन क्षेत्रों में युवाओं को जोड़ने से रोजगार के नए रास्ते खुल सकते हैं।

#### एमएसएमई में है 92 लाख लोगों का भविष्य

बैठक में दी गई जानकारी के अनुसार, वर्तमान में मध्यप्रदेश में 17.55 लाख पंजीकृत एमएसएमई यूनिट्स संचालित हो रही हैं, जिनमें करीब 92 लाख लोग कार्यरत हैं। इनमें से 5300 स्टार्टअप्स भी शामिल हैं, जिनमें से 2500 से अधिक महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। अनुपूरक बजट के तहत मिले 1475 करोड़ रुपए की राशि से एमएसएमई सेक्टर की लंबित अनुदान राशि मार्च 2025 तक जारी की जा चुकी है।

#### 1100 प्लॉट 1 मई से होंगे आवंटित

निवेशकों के लिए 1100 से ज्यादा प्लॉट 1 मई से लैंड बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे उद्योगपतियों को निवेश में आसानी होगी। विभागीय वेबसाइट पर लैंड बैंक की जानकारी भी अपडेट की जा रही है। एमएसएमई डे के मौके पर 27 जून को इंदौर में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम होगा। वहीं, सितम्बर माह में भोपाल में स्टार्टअप्स पर केंद्रित बड़ा आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें युवाओं को नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा।

## पहलगाम हमले में मारे गए लेफ्टिनेंट विनय की अर्थी को मां-बहन ने दिया कांधा



### यह देख वहां मौजूद लोगों की झलक गईं आंखें, बहन ने दी मुखाग्नि

**करनाल।** पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए हरियाणा के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल का बुधवार शाम को उनके करनाल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। सैन्य सम्मान के साथ विनय नरवाल को विदाई गई। इस दौरान उनकी बहन ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। विनय के अंतिम संस्कार में सीएम नायब सैनी भी शामिल हुए।

जानकारी के मुताबिक बुधवार का विनय का शव श्रीनगर से दिल्ली लाया गया और फिर वहां से करनाल ले जाया गया। शाम छह बजे के करीब विनय का पार्थिव शरीर घर पहुंचा तो चीख पुकार मच गई। इस दौरान परिजनों ने अपने लाल के अंतिम दर्शन किए। वहीं, विनय को अंतिम विदाई देने पूरा शहर उमड़ पड़ा। फिर मां और बहन ने अपने लाड़ले की अर्थी को कांधा दिया। अंतिम संस्कार में शामिल सीएम नायब सिंह सैनी ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए हरियाणा के वीर सपूत भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की अंतिम यात्रा को देखकर हम सबकी आंखें नम थीं।

इससे पहले नई दिल्ली एयरपोर्ट पर भारतीय नौसेना के अधिकारी विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी ने तिरंगे में लिपटे अपने पति के ताबूत को गले लगाकर अंतिम विदाई दी। विनय और हिमांशी का विवाह 16 अप्रैल को हुआ था और दोनों जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 'हनीमून' बनाने गए थे। पहलगाम के बैसरन में आतंकवादियों ने हिमांशी के सामने ही विनय की निर्मम हत्या कर दी। गुरुग्राम की रहने वाली हिमांशी पीएचडी कर रही हैं। हिमांशी ने कहा कि भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। हमें उन पर हर तरह से गर्व होना चाहिए और हम उन्हें हर तरह से गौरवान्वित करेंगे।

## जमानत पर बाहर रहना है तो मंत्री पद छोड़ना होगा-सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल की हवा खा चुके तमिलनाडु के मंत्री सेंथल बालाजी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने बेहद कड़ा रुख अख्तियार किया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट मनी लॉन्ड्रिंग केस में सेंथिल बालाजी को दी गई जमानत को वापस लेने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उन पर जमानत की शर्तों को तोड़ने का आरोप है। इस पर कोर्ट ने साफ कर दिया कि जमानत पर बाहर रहना है तो मंत्री पद छोड़ना होगा।

न्यायमूर्ति अभय ओका की बेंच ने साफ कह दिया कि अगर जमानत पर बाहर रहना है तो मंत्री पद छोड़ना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने सेंथिल बालाजी से कहा, हम इस आचरण को बर्दाश्त नहीं करेंगे! हम आपको एक विकल्प दे रहे हैंङ्कआजादी या मंत्रिमंडल का पद? सेंथिल बालाजी ने सुप्रीम कोर्ट के टफ स?टैंड को देखते हुए कहा कि वह सोमवार तक अपना निर्णय लेंगे और सुप्रीम कोर्ट को सूचित करेंगे कि क्या वह मंत्री पद पर बने रहेंगे या नही? यह मामला तमिलनाडु में कथित नौकरी के बदले नकद घोटाले से जुड़ा है। न्यायमूर्ति अभय ओका ने सेंथिल बालाजी को फटकार लगाते हुए कहा कि जमानत देने का मतलब यह नहीं कि आपको पद पर बने रहने की शक्ति भी दी गई है।

## छत्तीसगढ़-तेलंगाना-महाराष्ट्र बॉर्डर पर 5 हजार जवान ऑपरेशन पर, 300 नक्सलियों को पहाड़ पर सुरक्षाबलों ने घेरा

### बड़े नक्सल लीडरों को घेरा, तीन को किया ढेर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना-महाराष्ट्र की सीमा पर करीब 5 हजार जवानों ने अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन शुरू किया है। यहां स्थित कर्रेगट्टा, नडपल्ली, पुजारी कांकेर की पहाड़ी पर हिड़मा, दामोदर, देवा समेत कई बड़े नक्सलियों और उनकी बटालियन को घेर लिया है। इसमें करीब 300 नक्सलियों के होने की सूचना है। ऑपरेशन 12 घंटे से अधिक समय से चल रहा है। दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग भी हो रही है। सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं। इंटेलिजेंस की माने तो नक्सलियों के पास पर्याप्त राशन पानी नहीं है। अगर है भी तो वो कुछ ही दिन चलेगा। तीनों राज्यों की फोर्स ने चारों तरफ से पहाड़ को घेर रखा है। अगर वे नीचे आए या फिर किसी भी राज्य की तरफ मूवमेंट किए तो उनका एनकाउंटर होना निश्चित है। इस इलाके में नक्सलियों की बटालियन नंबर 1, 2, समेत अन्य कंपनियां सक्रिय हैं। टॉप लीडर हिड़मा, देवा, विकास समेत आंध्र-तेलंगाना-महाराष्ट्र के सेंट्रल कमेटी, दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी, डिविजनल कमेटी मेंबर, एरिया कमेटी मेंबर, संगठन सचिव जैसे बड़े केडर के नक्सली भी यहां मौजूद हैं।

#### हफ्तेभर का राशन लेकर ऑपरेशन पर फोर्स

अब तक जो इनपुट सामने आए हैं उसके आधार पर महाराष्ट्र से सी-60 कमांडोज, तेलंगाना से ग्रेहाउंड्स और छत्तीसगढ़ से डीआरजी के हजारों जवान करीब सप्ताहभर का रसद सामान लेकर ऑपरेशन पर हैं। तेलंगाना की तरफ से मुलुगु का वेंकटपुरम, छत्तीसगढ़ से नम्बी, पुजारी कांकेर और उसूर नजदीक का इलाका है। यह इलाका नक्सली कमांडर हिड़मा और देवा के गृहगांव पूवर्ती से 20 से 30 किमी की दूरी पर ही है। पूवर्ती से आगे रायगुडेम तक सुरक्षाबलों का कैंप स्थापित कर लिया गया है। सूत्र बता रहे हैं कि पुजारी कांकेर और नम्बी से ही नक्सलियों का रसद सामान जाता था। पहले पूर्वती से भी आवश्यकताओं की पूर्ति होती थी, लेकिन यहां तक फोर्स पहुंच चुकी है। उधर, तेलंगाना के वेंकटपुरम से भी नक्सली अपनी जरूरतें पूरी करते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट में गोधरा कांड पर सुनवाई 6-7 मई को

### गुजरात सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है; दोषियों को फांसी की मांग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 6 और 7 मई को 2002 के गोधरा कांड मामले में गुजरात सरकार और दोषियों की याचिकाओं पर सुनवाई होगी। जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।

बेंच ने बताया कि वह 6 और 7 मई को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा। पूरी सुनवाई में कम से कम दो हफ्ते का समय लगेगा। 6 और 7 मई को पूरे दिन सुनवाई होगी। इस दौरान किसी अन्य मामले पर तब तक सुनवाई नहीं होगी जब तक कि कोर्ट की तरफ से विशेष तौर पर नहीं कहा जाए। बेंच ने दोषियों में से एक की ओर से पेश वकील संजय हेगड़े से 3 मई तक अपनी दलीलों को कोर्ट में जमा करने का निर्देश दिया है। दलील में दोषी पर लगे आरोपों की लिस्ट, निचली अदालतों के फैसलों का ब्योरा देना है।

27 फरवरी 2002 में गुजरात के गोधरा स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 डिब्बे में आग लगा दी गई थी। ट्रेन में अयोध्या से लौट रहे 59 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। गुजरात सरकार ने इस मामले में 11 दोषियों की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदलने के हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है।

#### 31 दोषियों में 11 को फांसी की सजा मिली थी

**गोधरा कांड के बाद चले मुकदमों में करीब 9 साल बाद 31 लोगों को दोषी ठहराया गया था। 2011 में एसआईटी कोर्ट ने 11 दोषियों को फांसी और 20 को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। बाद में अक्टूबर 2017 में गुजरात हाईकोर्ट ने 11 दोषियों की फांसी की सजा को भी उम्रकैद में बदल दिया था। गुजरात हाईकोर्ट ने फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की हैं। गुजरात सरकार ने फरवरी 2023 में कहा था कि वह उन 11 दोषियों के लिए मृत्युदंड की मांग करेगी, जिनकी सजा को हाईकोर्ट ने उम्रकैद में बदल दिया था।**

## इसरो प्रमुख ने बताई प्लानिंग बोले- सैटेलाइट के रहते सीमाओं में परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा

**श्रीहरिकोटा।** प्राकृतिक चुनौतियों से भरी भारत की सीमाओं की सुरक्षा मानवीय रूप से करना बहुत ही चुनौती पूर्ण काम है। ऐसे में इसरो चीफ ने हमारे सैनिकों के भार को कम करने के लिए आगामी तीन वर्षों का सीमा सुरक्षा से जुड़ा एक प्लान साझा किया है। उन्होंने बताया कि आने वाले तीन सालों में सीमा सुरक्षा और तटीय सुरक्षा को कड़ा करने के लिए सुरक्षा की दृष्टि से 100-150 उपग्रह और जोड़े जाएंगे। पहलगाम में हुए आतंकियों द्वारा किए गए हमले के बाद लोगों के मन में भारतीय सीमाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं तो ये तकनीक कारगर सावित हो सकती है। इसरो चीफ ने कहा कि हमें अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए बहुत सारे उपग्रहों की आवश्यकता है, जितने हमारे पास हैं, वह पर्याप्त नहीं है। हमारा मानना है कि आगामी तीन सालों में हम करीब 100 से 150 उपग्रह इस काम में लगाएंगे। इस काम के जरिए देश की निगरानी में और भी ज्यादा सहूलियत होगी और हमारे सैनिकों का काम भी थोड़ा आसान होगा।एक कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले को लेकर सीमा सुरक्षा से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए अंतरिक्ष विभाग के सचिव नारायणन ने कहा कि सीमा पर चुनौतियों को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधार पेश करने का प्रस्ताव दिया था। इसके तहत हमने इस क्षेत्र में निजी खिलाड़ियों की भागीदारी को भी अनुमित दी है। फिलहाल भारतीय सीमाओं की रक्षा के लिए करीब 55 उपग्रह काम कर रहे हैं लेकिन हम एक ऐसे देश हैं जिसकी तटीय सीमा ही लगभग 7500 किलोमीटर है।

## » न्यूज कैप्सूल »

### आनलाईन क्रिकेट सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार

**जबलपुर।** लार्डगंज पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने गत रात आदि प्लाजा के सामने शताब्दीपुरम में ऑनलाईन क्रिकेट का सट्टा खेल रहे एक सटोरिए को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 हजार रुपए नगद व मोबाइल जब्त किया है। लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि गत रात लार्डगंज पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने मुखबिर की सूचना पर आदि प्लाजा के सामने शताब्दीपुरम में मोबाइल में आईपीएल क्रिकेट का मैच खेल रहे शताब्दीपुरम लार्डगंज निवासी 34 वर्षीय रोहित गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है7 रोहित आईपीएल क्रिकेट मैच मुम्बई वर्सेस हैदराबाद के मैच पर हार जीत का दाव लगा रहा था। मोबाइल पर सट्टा की यूजर आईडी मिली है। आईडी के संबंध में पूछताछ पर रोहित ने बताया कि उसने अमित चौरसिया से आईडी ली है7 पुलिस ने आरोपी रोहित गुप्ता के कब्जे से एप्पल कम्पनी का आईफोन तथा नगदी 15 हजार रूपये जब्त किए है7 पुलिस ने आरोपी रोहित गुप्ता एवं अमित चौरसिया के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एवं 49 भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्यवाही की गई।

### लघुकथा उत्सव 27 मई को

**जबलपुर।** शब्दरथ, साहित्य संसार, काव्य कलश, के तत्वावधान में विराट लघु कथा उत्सव दिनांक 27 मई को 4ः30 बजे से कचनार परिसर में होगा । प्रसंग संस्था के मार्गदर्शन में हो रहे इस लघुकथा सम्मेलन में 50 लघुकथाकार अपनी कथा का वाचन करेंगे।

### सूने घर से 8 लाख के जेवर चुराने वाले 3 नकबजन पकड़ाये

**जबलपुर।** गोराबाजार पुलिस क्राईम ब्रांच की साझा टीम ने बिलहरी मॉडल टाउन एक सूने घर का ताला तोड?र आठ लाख रूपए के जेवर चुराने वाले तीन नकबजनों को अभिरक्षा में लेकर उनकी निशानदेही पर 9 तौला सोने के जेवर एवं 3 सौ ग्राम चांदी के जेवर व कटौरी जब्त की है। गौराबाजारपुलिस ने बताया कि गत 2 अप्रैल को बिलहरी मॉडल टाउन निवासी श्रीमती उर्मिला धवन घर में ताला लगाकर बेटी के पुत्र का जन्म दिन मनाने लखनऊ चली गई थी। गत 9 अप्रैल को उर्मिला की नौकरानी मुनिया बाई पासी ने उन्हें फोन कर बताया कि घर के मेन गेट का ताला टूटाहै सूचना पर मौसी उर्मिला धवन के घर पहुंचे अमन यन्दे ने देखा कि नीचे के कमरों का सामान फैला था वहीं ऊपर के कमरों में रखे जेवर गायब थे कोई अज्ञात चोर सूने घरका ताला तोड?र 8 लाख के जेवर चोरी कर ले गया था। गोराबाजार पुलिस व क्राईम ब्रांच टीम ने आरोपियों की पतासाजी के लिएजांच दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे एवं मुखबिर तंत्र की मदद से नकबजनी को अंजाम देने वाले आरोपियों दीपू विश्वकर्मा, अंकित बेन एवं मोहसीन खान को अभिरक्षा में लेते हुए पूछताछ की तो आरोपियों ने मॉडल टाउन बिलहरी में एक सूने घर का ताला तोड?र जेवर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही परसोने चांदी के जेवर जप्त किये गये हैं।

### पाक्सो पीड़ित समर्थन पर कार्यशाला आयोजित

**जबलपुर।** पाक्सो एक्ट 2012 के अंतर्गत पीड़ित समर्थन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पुलिस कंट्रोल रूम में किया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट श्रीमती रूचि गुप्ता किशोर न्यायबोर्ड के व्याख्यान से हुआ जिसमें उन्होंने चालान प्रक्रिया व न्यायालीन कार्यवाहियों की विस्तार से जानकारी दी इसके बाद आशीष जैन डीएसपी महिला सुरक्षा शाखा एवं श्रीमति आकांक्षाउपाध्याय डीएसपी ग्रामीण नोडल अधिकारी किशोर इकाई ने पाक्सो के मामलों में अनुसंधान कार्यवाही के संबंध में जानकारीदी। गुरूमुख लाम्बा वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार एवं दीपेश चौकसे प्रशिक्षण एवं सलाह प्रमुख सीएसए पाक्सो एक्ट 2012 के तहत पीड़ित समर्थन एवं संबंधित विधिक प्रावधानों पर गहन विचार रखे।

### फरार आरोपी पर 5 हजार ईनाम

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक ने सिहोरा थानांतर्गत एक प्रकरण में फरार आरोपी की गिरफ्तारी में हो रही देरी को देखते हुए उस पर पांच हजार रुपये ईनाम घोषित किया है। सिहोरा पुलिस ने बताया कि ग्राम लड़ोई मझौली थाना निवासी अनिरुद्ध तिवारी लंबे समय से एक प्रकरण में फरार है। जिसकी गिरफ्तारी में हो रही देरी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने उसकी सूचना देने वाले को पांच हजार ईनाम देने का एलान किया है।

# सागर से आ रही थी नकली खाद.....?

### नुनसर चौकी में पिकअप वाहन रोका, कृषि विभाग ने सैंपल लिए



**जबलपुर।** पाटन रोड पर नुनसर चौकी के पास पुलिस ने डीएपी उर्वरक (खाद) से भरा एक पिकअप वाहन जब्त किया है7 दरअसल इस पिकअप वाहन में नकली डीएपी भरे होने की आशंका है7 देर रात पुलिस ने इस पिकअप वाहन को जब्त कर मामलें को रफा दफा करने की कोशिश की, तो किसान संघ सक्रिय हो गया और पाटन एसडीएम और कृषि विभाग को भी इसकी सूचना दे दी7 दरअसल भारतीय किसान संघ को किसानों ने अनेक बार शिकायत की थी कि सागर से नकली डीएपी खाद भारी मात्रा में जबलपुर सप्लाई की जा रही है7 डीएपी की कमी न हो इसलिए किसान अभी से स्टॉक करने में लगे हुए हैं7 सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर से जबलपुर आ रहे पिकअप वाहन को पाटन थाने की नुनसर चौकी पुलिस ने अवैध परिवहन की आशंका पर सुबह चैकिंग के दौरान रोका और पिकअप वाहन को चौकी में खड़ा करा दिया7 इससे पहले कि मामला रफा दफा हो पाता, इसी बीच किसानों ने भारतीय किसान संघ के नेताओं को इसकी जानकारी दे दी और किसानों ने एसडीएम सहित कृषि विभाग को सूचित कर दिया7 बताया गया है कि जांच के दौरान यह बात भी सामने आई कि वाहन में लोड़ डीएपी की बोरियों में नकली खाद भरी है। जिसके बाद कृषि विभाग के अमले ने मौके पर पहुंचकर डीएपी खाद के सैंपल भी लिए7 इधर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि गुरुवार की सुबह 6 बजे जांच के दौरान सागर पासिंग पिकअप वाहन में डीएपी खाद का परिवहन करते हुए नुनसर पुलिस चौकी में रोका गया। वाहन चालक से डीएपी परिवहन से संबंधित दस्तावेज व बिल मांगे गए तो उसके पास नहीं थे। वहीं कुछ ऐसी शिकायतें भी आ रही थी कि नकली खाद का भी परिवहन हो रहा है।

लिहाजा प्राथमिक परीक्षण करते हुए खाद्य विभाग को सूचना दी है। खाद्य विभाग ने खाद्य का सेंम्पल लिया है। जानकारी के मुताबिक शाम तक सेंपल की रिपोर्ट आएगी। वहीं वाहन मालिक को भी बुलाया गया है। आगे की कार्रवाई कृषि विभाग के प्रतिवेदन पर की जाएगी।

# 10 हाथियों की मौत की जांच पूरी नहीं

### एनजीटी के आदेश का पालन नहीं, मुख्य सचिव को नोटिस भेजा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में अन्य राज्यों से भटक कर आ रहे हाथियों की सुरक्षा खतरे में हैं, उनकी मौते हो रही लेकिन अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हो रही हैं7 नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश का भी पालन नहीं हुआ। यह नोटिस डॉ पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव की ओर से प्रदेश के मुख्य सचिव को भेजा गया। उमरिया के चंदिया में 10 हाथियों की मौतत की जांच एक वर्ष बाद भी पूरी नहीं हुई और निलंबित अधिकारियों को बहाल कर दिया गया है। जबलपुर के बरगी में 28 नवंबर 2020 को करंट लगने से हाथी की मौत हुई, लेकिन किसी भी अधिकारी पर कार्रवाई नहीं हुई। एड. प्रभात यादव ने नोटिस में बताया कि बरगी में हुए हाथी के मौत के संबंध में दायर याचिका में कहा गया है कि मध्यप्रदेश एलीफेंट बियरिंग स्टेट नहीं है, अतः प्रदेश में भटक कर आ रहे हाथियों की जीवन सुरक्षा हेतु गाईड लाईन बनाना चाहिए। एनजीटी भोपाल ने केंद्रीय वन मंत्रालय द्वारा गठित मॉनिटरिंग समिति तथा प्रदेश के मुख्य वन्य जीवन वार्डन को 23 फरवरी 2021 को निर्देश जारी कर कार्रवाई करने को कहा है।

# युवक पर चाकू से हमला कर 35 हजार रुपए लूटे



### गौरीघाट में वारदात, आरोपी फरार

**जबलपुर।** गौरीघाट थाना अतंर्गत एक युवक पर चाकू से हमला कर 35 हजार रुपए नगद और मोबाइल लूटकर दो बदमाश फरार हो गए7 चाकू से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है7 युवक के परिजनों का आरोप है कि युवक ने दो लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने का अंदेशा जताया था और पुलिस में इसकी शिकायत भी की थी7 पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से आरोपियों के हौसले बुलंद होते रहे और आखिरकार आरोपियों ने जानलेवा हमला कर लूटपाट कर दी।

गौरीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार भरतीपुर निवासी ऋतिक सोनकर नर्मदा दर्शन करने गौरीघाट गया था, वहां उस पर स्वप्निल और गगन ने उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया7 जिससे उसकी कमर के नीचे, जांघ, आंख पर चोटें आई। आरोपियों ने हमला करने के बाद उसकी जेब से 35 हजार रुपए और मोबाइल भी लूट लिया7 घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

गौरीघाट पुलिस ने पी?ित के बयान के आधार पर दो आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है7 गौरीघाट पुलिस का कहना है कि घायल और बदमाशों के बीच चल रहे विवाद सहित फरार आरोपियों की जांच की जा रही है।

घायल ऋतिक की मां रेशमा सोनकर का कहना है कि बेटे ऋतिक को बहुत दिनों से जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। संपूर्ण मामले की शिकायत ओमती थाना सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दी गई थी, लेकिन किसी प्रकार की कोई कार्रवाई न होने से बदमाशों के हौसले बुलंद थे। आखिरकार बदमाशों ने बेटे पर चाकू से हमला कर दिया।

# 17 सौ पाव देशी शराब के साथ कार एवं बुलेरो वाहन जप्त

**जबलपुर।** गोरखपुर और माढ़ोताल थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है7 गोरखपुर में रामपुर सिद्धनाथ पहा?ी के पास कार में अवैध शराब लेकर जा रहे दो आरोपियों को और माढ़ोताल में पाटन रोड पर बुलेरो में अवैध शराब लेकर जा रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं7 पुलिस ने आरोपियों के पास से 17 सौ पाव देशी शराब, स्विफ्ट डिजायर कार एवं बुलेरो जब्त की है।

गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि कुम्हार मोहल्ला गोरखपुर निवासी 26 वर्षीय कार चालक पवन चक्रवर्ती और चौधरी मोहल्ला गली नंबर 3 गौरीघाट निवासी विशाल यादव स्विफ्ट डिजायर



कार क्रमांक एमपी 20 जेड पी 6824 में शराब रखकर तिलवारा नयागांव होते हुए सिद्धनाथ जा रहे थे7 मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 15 सौ पाव देशी शराब तथा स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 20 जेड पी 6824 को जब्त कर लिया है।

इसी प्रकार थाना प्रभारी माढ़ोताल नीलेश दोहरे ने बताया कि गुरुवार की सुबह बुलेरो क्रमांक एमपी 20 जेडबी 9900 में शराब लेकर जा रहे कटंगी निवासी 33 वर्षीय बुलेरो चालक शमशाद खान और जॉय स्कूल के पीछे विजयनगर निवासी 33 वर्षीय मुन्ना प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है7 पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 200 पाव शराब तथा बुलेरो जप्त की हैं।

पुलिस ने चारों आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

# गोकलपुर शाला में विधिक जागरूकता शिविर



**जबलपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के तत्वाधान में तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर आलोक अवस्थी के मार्गदर्शन में शासकीय बालक हाईस्कूल गोकलपुर तथा शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल गोकलपुर, में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती शक्ति वर्मा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित शासकीय बालक हाईस्कूल गोकलपुर छात्रों को संबोधित करते हुए नशीली दवाओं के पीड़ितों को कानूनी सेवायें एवं नशे की रोकथाम एवं नशा उन्मूलन के संबंध में कानूनी प्रावधानों, मानसिक रूप से बीमार एवं मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवायें तथा नेशनल लोक अदालत के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल गोकलपुर की छात्राओं को पॉक्सो एक्ट तथा यौन उत्पीडऩ एवं अन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं के लिए संचालित पीड़ित प्रतिकर योजना के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने छात्र एवं छात्राओं को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने तथा नशा मुक्त समाज का निर्माण करने के लिये प्रेरित भी किया।

# सिरफिरे ने बाजार में खड़ी आधा दर्जन कारों में की तोड़फोड़

### पांडे चौक में मचा हड़कंप, आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अतंर्गत एक सिरफिरे युवक ने गुरुवार की सुबह करीब 8ः30 पांडे चौक के पास सड़क के दोनों ओर खड़ी आधा दर्जन लग्जरी कारों में रॉड लेकर तोड़फोड़ कर दी7 बताया जा रहा कि युवक वहीं का रहने वाला है और नशे करने का आदी है7 इस युवक के हरकतों से एक रिटायर्ड सीएसपी की कार भी क्षतिग्रस्त हो गई7 पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घटना के संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि पांडे चौक के पास गुरुवार की सुबह सड़क किनारे पांच छः कारे पार्क थी, लोग



सब्जी मंडी खरीददारी करने आए थे7 इस बीच क्षेत्र में रहने वाला नशेड़ी रोहित लारिया के दिमाग में सनक सवार हो गया और लोहे की रॉड लेकर उसने कारों में तोड़फोड़ करना शुरु कर दिया7 एक कार रिटायर्ड सीएसपी हरिओम शर्मा की भी थी7 हालांकि कार में वे मौजूद नहीं थे7 उनके परिजन बाजार करने गए थे7 इसी बीच क्षेत्र में रहने वालें रोहित लारिया ने एक-एक कर सभी कारों के कांच तोड़ना शुरु कर दिए और वाहनों की बॉडी पर भी रॉड पटकी7 युवक की हरकतें देखकर पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। क्षेत्रीय लोगों ने पहले तो मौके से पूरी घटना से पुलिस को अवगत कराया फिर थाने पहुंचकर प्रकरण भी दर्ज करा दिया।

इससे पहले कि कार मालिक और क्षेत्र के अन्य लोग उसे पकड़ पाते, वह रिटायर्ड सीएसपी सहित आधा दर्जन कारों के कांच तोड़ चुका था। कुछ लोगों ने हिम्मत करके उसे पकड़ा और उसके हाथ से रॉड छीनकर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि आरोपी नशा करने का आदी था नशे के पागलपन में उसने यह वारदात को अंजाम दिया है7 पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 327, 427, 506 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है7 आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के प्रति लापरवाही पड़ी भारी पारसेन केन्द्र का उपार्जन प्रभारी निलंबित और दो केन्द्र प्रभारियों को नोटिस

**ग्वालियर।** स्लॉट बुकिंग के बाबजूद किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी न करना प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पारसेन के सहायक समिति प्रबंधक लोकेन्द्र सिंह गुर्जर को भारी पड़ा है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के प्रशासक द्वारा लोकेन्द्र सिंह गुर्जर को निलंबित कर दिया गया है। इसी तरह उपार्जन कार्य में लापरवाही पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था सांखनी के उपार्जन प्रभारी राहुल तिवारी व प्राथमिक सहकारी संस्था मोहना के उपार्जन प्रभारी अमित शर्मा के खिलाफ कार्रवाई के लिये कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था पारसेन का उपार्जन केन्द्र नारायण विहार कृषि उपज मंडी में बनाया गया है। कलेक्टर श्रीमती चौहान के संज्ञान में शिकायत आई थी कि प्राथमिक सहकारी संस्था पारसेन, मोहना व सांखनी द्वारा संचालित खरीदी केन्द्रों पर स्लॉट बुकिंग के बाबजूद उपार्जन प्रभारियों द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों की उपज की खरीदी नहीं की जा रही है। उन्होंने इसे गंभीरता से लिया और संबंधित समिति प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर निलंबित करने के निर्देश दिए। इस पालन में विधिवत कार्रवाई कर पारसेन केन्द्र के प्रभारी लोकेन्द्र सिंह को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही सांखनी व मोहना उपार्जन केन्द्र के प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

प्राथमिक सहकारी संस्था पारसेन द्वारा संचालित उपार्जन केन्द्र के प्रभारी अधिकारी का दायित्व समिति प्रबंधक सुश्री मोहिनी यादव को सौंपा गया है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने स्पष्ट किया है कि जिले में संचालित सभी उपार्जन केन्द्रों पर स्लॉट के अनुसार सुव्यवस्थित ढंग से खरीदी की जाए। समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने आ रहे किसानों को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हर केन्द्र पर स्लॉट के अनुसार टोकन सिस्टम लागू करें और उसी के अनुसार खरीदी की जाए। हर खरीदी केन्द्र पर किसानों के लिये पेयजल, छाया इत्यादि की पुख्ता व्यवस्था रहे।

# सिंधिया कन्या विद्यालय में आठवां श्रीमंत माधव राव सिंधिया धरोहर फैस्ट आज से

**ग्वालियर।** सिंधिया कन्या विद्यालय में आठवाँ श्रीमंत माधव राव सिंधिया धरोहर फैस्ट का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम 25 अप्रैल 2025 से 27 अप्रैल 2025 तक मनाया जाएगा। इस वर्ष इस उत्सव की थीम आसाम धरोहर है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बी. कल्याण चक्रवर्ती, एडिशनल चीफ सेक्रेटरी, गवर्नमेंट ऑ? आसाम, डिपार्टमेंट ऑ? लेबर वेलफेयर; कल्चरल अफेयर्स; स्किल एंड एन्त्रेप्रेंयूर्शिप, उपस्थित रहेंगे।

इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से लगभग 250 छात्र-छात्राएँ आ रही हैं। इसमें मेजबान विद्यालय सिंधिया कन्या विद्यालय सहित 15 विद्यालय क्रमशः बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी, दिल्ली पब्लिक स्कूल पठानकोट, एल.के सिंघानिया एजुकेशन सेंटर गोटन, माइल्स ब्रॉनसन रेसिडेंशियल स्कूल गुहाटी, मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल अजमेर, द आसाम वैली स्कूल ते?पुर, राजमाता कृष्ण कुमारी गर्ल्स स्कूल जोधपुर, स्टेपिंग स्टोन्स हाईस्कूल औरंगाबाद, सनबीम स्कूल लहरतारा, सनबीम स्कूल वरुणा, सनबीम स्कूल मुगलसराय, विद्या देवी जिंदल स्कूल हिसार, द संस्कार वैली स्कूल भोपाल, द सिंधिया स्कूल ग्वालियर, के.सी. पब्लिक स्कूल जम्मू उपस्थित रहेंगे। इस धरोहर फैस्ट में 10 प्रतियोगिताएँ सत्रिया नृत्य (क्लासिकल डांस ऑफ आसाम), लोक नृत्य (फोक डांस ऑफ आसाम), लोक गीत (फोक सांग ऑफ आसाम), पुथी चित्रांकन (मैनुस्क्रिप्ट पेंटिंग), आर्किटेक्चरल मार्वल्स ऑ? अहोम डायनेस्टी (ट्राइफोल? ब्रोशर), रोंधोन शोइली (असामीस क्यू?ीन), चित्रांकन (वॉटरकलर ऑन पेपर),गमुशा चित्रण (फैब्रिक पेंटिंग ऑन गमछा), भास्करज्यो (टेराकोटा स्कल्पचर), अंकिया नाट भओना (थिएटर) होंगी। समस्त कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्या श्रीमती निशी मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न होगा। इस धरोहर कार्यक्रम की कोडीनेटर श्रीमती शिवांगी सहाय है।

इस अवसर पर अतिथिगण, निर्णायक मंडल, विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहेंगी।

### मारपीट कर गर्भपात कारित करने वाले आरोपी को 05 वर्ष का कठोर कारावास

**सीधी।** बताया गया कि दिनांक 29.04.2017 को शाम 05ः00 बजे आरोपी मुकुन्दकली शुक्ला एवं अरविंद शुक्ला बाडी के विवाद के कारण फरियादी देवकी अग्निहोत्री पत्नि अवनीश अग्निहोत्री को गाली देने लगे, तब देवकी ने गाली देने से उन्हें मना किया तो दोनों आरोपीगण ने मिलकर उसे लात-घूंसो से मारा पीटा, मौके पर हल्लागुहार करने पर रामकली पटेल, अंकित पटेल ने आकर बीच-बचाव किया । आहत देवकी ने अपनी सास सावित्री और रिश्तेदार वीरेश के साथ थाना रामपुर नैकिन जाकर घटना की रिपोर्ट की, जहां से उसे चिकित्सीय परीक्षण हेतु रामपुर नैकिन शासकीय अस्पताल भेजा गया और फरियादिया के पेट में दर्द होने के कारण उसे रीवा अस्पताल के लिए रेफर किया गया। रीवा अस्पताल में उपचार एवं सोनोग्राफी में यह ज्ञात हुआ कि देवकी के पेट में गर्भस्थ शिशु की उक्त मारपीट के कारण मृत्यु हो गई है, तब उक्त रिपोर्ट प्राप्त होने पर आरक्षी केन्द्र रामपुर नैकिन द्वारा फरियादी के द्वारा पूर्व में की गई रिपोर्ट, जिस पर से अदम चेक (असंज्ञेय अपराध की सूचना) लेख किया गया था, पर से दिनांक 05. 07.2017 को अपराध कमांक 237 / 2017 धारा 316 भा.दं.स. के तहत पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया गया एवं संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय रामपुर नैकिन में प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन प्र.क्र. 63/2017 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए अपर लोक अभियोजक श्री आदित्य प्रताप सिंह के द्वारा अभियुक्तगण को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया।

» न्यूज कैप्सूल »

## एरिया एज्यूकेशन ऑफीसर की नए सिरे से होगी भर्ती

### परीक्षा में गड़बड़ी...12 साल पहले चयनित उम्मीदवार अपात्र

**भोपाल।** करीब 12 साल पहले स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य शिक्षा सेवा का गठन कर व्यवस्थागत ढांचा बदलने की तैयारियां की थीं, लेकिन मामला अभी तक अधर में लटका हुआ था। अब घोषणा की गई है कि एरिया एज्यूकेशन ऑफीसर के लिए जो 3,500 उम्मीदवार चयनित किए गए थे, उन्हें नवीन नियुक्ति नहीं दी जाएगी। विभाग एरिया एज्यूकेशन ऑफीसर की नए सिरे से भर्ती करेगा। लोक शिक्षण संचालनालय के डायरेक्टर केके द्विवेदी का कहना है कि एज्युकेशन ऑफीसर के लिए परीक्षा नये सिरे से जाएगी। इसके लिए नियम संशोधित करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा रहा है। इसके बाद परीक्षा होगी।

गौरतलब है कि प्रदेश में एरिया एज्यूकेशन आफीसर पद के लिए वर्ष 2013 में एरिया एज्युकेशन ऑफीसर (एईओ) पोस्ट सृजित की गई थी। इसी वर्ष परीक्षा आयोजित की गई थी। पूरे राज्य में 6 हजार उम्मीदवार परीक्षा में बैठे थे। जिनमें से साढ़े तीन हजार का चयन हुआ था। इसी बीच परीक्षा में विसंगतियों का आरोप लगाते हुए यह मामला कोर्ट में चला गया था। इसी साल विभाग ने नवीन शिक्षण सत्र से एईओ पद भरने की भूमिका तैयार की थी। वर्तमान में चल रही बीआरसीसी व्यवस्था को समाप्त कर एरिया एज्युकेशन नियुक्त किये जाने थे। इन्हीं के द्वारा स्कूलों की निगरानी कराई जानी थी। लेकिन 12 साल पहले कराई गई इस परीक्षा में जो अभ्यार्थी चयनित हुए। अब उन्हें इस पद पर काम करने की आशा छोड़नी होगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि एईओ पोस्ट भरने के लिए नये सिरे से भर्ती परीक्षा कराई जाएगी। वर्ष 2013 में परीक्षा के बाद नियुक्तियों की प्रतीक्षा करते हुए कई चयनित शिक्षक रिटायर्ड हो गये हैं। सिलेक्ट टीचर हर रोज मंत्रालय तो काट रहे है। इधर विभाग नियम में संशोधन करने बैठकें ले रहा है। इस संबंध में मंत्रालय में अधिकारियों ने बैठक ली। पूर्व की परीक्षा में उच्च माध्यमिक शिक्षक और हेड मास्टर बैठे थे। अब नये सिरे से योग्यता का निर्धारण किया जा रहा है।

## पदोन्नति आदेश जारी करने की मांग पूरा करने

### पोस्टकार्ड आंदोलन शुरू करेगा कर्मचारी मंच

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया जारी करने के आदेश प्रसारित करने की मांग को लेकर 1 मई मजदूर दिवस से मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड आंदोलन शुरू करेगा। मप्र कर्मचारी मंच की प्रांतीय अध्यक्ष अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश के साढे 7 लाख कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया पिछले 9 साल से बंद है। 9 साल बाद मुख्यमंत्री ने दो सप्ताह पूर्व घोषणा की थी कि प्रदेश के कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद दो मंत्री परिषद की बैठक आयोजित की गई है, लेकिन पदोन्नति प्रक्रिया करने के प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं दी गई है। इस कारण प्रदेश के साढे 7 लाख कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त हो गया है। मुख्यमंत्री की पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा के बाद प्रदेश के कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त हो गया था, लेकिन अब वह हर्ष असंतोष में बदल गया है। प्रदेश का कर्मचारी सरकार से मांग कर रहा है कि जब सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट अथवा सामान्य प्रशासन विभाग ने पदोन्नति प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई है तो पदोन्नति प्रक्रिया कर्मचारियों की तत्काल शुरू की जाए, क्योंकि पदोन्नति प्रक्रिया पर रोक लगने से पिछले 9 साल में डेढ़ लाख कर्मचारी बिना पदोन्नति लाभ के सेवानिवृत हो गए हैं। इस कारण कर्मचारियों को वरिष्ठ पद एवं पेंशन लाभ का नुकसान हुआ है।

मप्र में नौ वर्ष के बाद पदोन्नति नियम तैयार किए जा रहे हैं लेकिन वेतन के लाभ का मामला अटका हुआ है। यह कब से दिया जाएगा, तय नहीं हो पा रहा है। सरकार ने पदोन्नति बंद होने के कारण कर्मचारियों की नाराजगी को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर उच्च पदों का प्रभार तो दिया लेकिन आर्थिक लाभ नहीं दिया। अब जब पदोन्नति की प्रक्रिया प्रारंभ होगी तो वेतन लाभ 2016 से दिया जाए या फिर आदेश के समय से, इस पर कोई राय नहीं बन पा रही है। प्रदेश में पदोन्नति नियम 2002 के निरस्त होने के बाद वर्ष 2016 से पदोन्नतियां बंद हैं।

सेवानिवृत्ति होते रहने और पदोन्नति न होने के कारण उच्च पद रिक्त होते जा रहे थे। इसे देखते हुए उच्च पद का प्रभार देकर काम तो चलाया गया।

# एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने खून से सीएम को लिखा पत्र

### लगातार तीसरे दिन भी जारी रही हड़ताल




**भोपाल।** सभी एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा अनिश्चित कालीन हड़ताल के तीसरे दिन गुरूवार को सभी कर्मचारियों ने अपने खून से सीएम डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा। कर्मचारियों ने बाताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत 20 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत् लगभग 32000 कर्मचारी प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से देते आ रहे हैं। लेकिन सरकार वादाखिलाफी कर रही है।

संविदा कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के द्वारा संविदा नीति 2023 का पूर्ण रूप से लाभ न प्रदान करते हुए कर्मचारियों की सुविधा में कटौती कर सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश की अवहेलना करते हुए कर्मचारियों के साथ वादा खिलाफी की जा रही है। इसके अतिरिक्त वेतन विसंगति और नियमितीकरण की मांग सहित अन्य मांगे भी संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा की जा रही है। कर्मचारियों की मांग है कि विभाग में रिक्त पदों पर संविलियन किया जाकर, नियमित किया जाए। पूर्व से दी जा रही सुविधाओं में ई. एल. एवं मेडिकल को पृथक कर दिया है। अनुबंध प्रथा को पूरी तरह से समाप्त नहीं किया गया है। अप्रेजल जैसी कुरीति को यथावत रखा गया है। सेवा निवृत्ति की आयु में 65 वर्ष से घटाकर 62 वर्ष किया गया है। एनपीएस, ग्रेच्युटी, स्वास्थ्य बीमा एवं डी.ए. की सुविधा से वंचित रखा गया है। शासन द्वारा समकक्षता (वेतन विसंगति) का निर्धारण गलत तरीके से किया गया है, जिसमें पुनः विचार कर संशोधन किया जावें। निष्कासित सपोर्ट स्टॉफ एवं मलेरिया एमपीडब्ल्यू की एनएचएम में वापसी हो।

#### अगल-अलग माध्यम से प्रदर्शन

उन्होंने बताया कि मंगलवार से हड़ताल प्रारंभ की गई है। हड़ताल के तीसरे दिन गुरूवार को सुंदरकांड का आयोजन, 25 अप्रैल को जिले के जनप्रतिनिधियों के निवास पर मांग पत्र ज्ञापन सौंपा जाएगा, 26 अप्रैल को धरना स्थल पर थाली कटोरी बजाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, 27 अप्रैल को क्रमिक भूख हड़ताल में सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक दो साथी बैठेंगे, 28 अप्रैल से प्रत्येक जिले में भोपाल भरो आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर शत प्रतिशत भोपाल लाने की तैयारी की जाएगी। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल से नीमच जिले में टीकाकरण की सुविधा गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच एनआरसी व एमसीडी में आने वाले मरीजों की बीपी शुगर की जांच टीवी व मलेरिया की जांच जैसी स्वास्थ्य सुविधाओं पर असर पड़ रहा है।

### पंचायती राज का मॉडल स्टेट बना मप्र

# डिजिटल और ई-गवर्नेस से गांव की सरकारें बनी सशक्त

**भोपाल।** मप्र में पंचायती राज का सशक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार कई मोर्चों पर काम कर रही है। उधर, नवाचार, डिजिटल और ई-गवर्नेस से गांव की सरकारें सुशासन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। हालांकि, कई चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। ग्राम स्तर पर जनप्रतिनिधियों की प्रशासनिक दक्षता की कमी, वित्तीय संसाधनों की सीमित उपलब्धता और भ्रष्टाचार जैसी समस्याएं पंचायती राज की कार्य कुशलता को प्रभावित कर रही हैं। राज्य सरकार द्वारा डिजिटल ग्राम पंचायतों और ई-गवर्नेस जैसे नवाचारों ने भी शासन व्यवस्था को अधिक उत्तरदायी बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

मप्र जिसे पंचायती राज का मॉडल स्टेट माना जाता है, में ग्राम पंचायतें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। ये ग्राम सरकारें स्थानीय स्तर पर विकास और प्रशासन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। पंचायती राज व्यवस्था के तहत मप्र में गांव की सरकारें कई क्षेत्रों में मिसाल कायम कर रही हैं। ग्राम पंचायतें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और ग्रामीण विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण विकास कार्य करती हैं। ग्राम पंचायतों को स्थानीय स्तर पर धन जुटाने और खर्च करने का अधिकार है, जिससे वे अपनी आवश्यकताओं के अनुसार विकास योजनाएं बना सकती हैं। ग्राम पंचायतें गांव के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करती हैं, जिससे वे स्थानीय समस्याओं का समाधान करने और विकास कार्यों में योगदान देने में सक्षम होते हैं। ग्राम पंचायतें स्थानीय स्तर पर स्वशासन प्रदान करती हैं, जिससे गांव के लोग अपनी सरकार को बेहतर ढंग से चलाने और अपने विकास को नियंत्रित करने में सक्षम होते हैं।

#### मिसाल कायम कर रही गांव की सरकारें

मप्र में गांव की सरकारें कई क्षेत्रों में मिसाल कायम कर रही हैं। नवाचार और डिजिटल पंचायत की दिशा में कुछ तेजी से आगे बढ़ीं तो कुछ मूलभूत चुनौतियों का सामना कर रही हैं। 31 साल पहले गांव की सरकार को सशक्त बनाने के लिए पंचायती राज प्रणाली लागू की गई। इसको प्रभावी ढंग से लागू करने में प्रदेश ने अग्रणी भूमिका रही। तीन दशक में प्रदेश में महिलाओं और जनजातियों को पहले पायदान में आकर निर्णय लेने न सिर्फ मौका मिला है बल्कि इससे सामाजिक न्याय को भी बढ़ावा मिला। प्रदेश में कई पंचायतों ने मिसाल पेश की है। सीहोर की भौंरी पंचायत स्वच्छता की रोल मॉडल बनी है। यह पंचायत पिछले तीन वर्षों से ओडीएफ प्लस बनी हुई है और गांव में शौचालय निर्माण, कचरा प्रबंधन व स्वच्छता पर नवाचार किए गए हैं। मंडला की पंचायत कटरा अब एक आदर्श पंचायत गांव में सोलर पैनल से बिजली, नल-जल योजना, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, और आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाएं हर घर को सुलभ हैं। शहडोल जिले के जयसिंहनगर विकासखंड की ग्राम पंचायत ढोलर की महिला सरपंच कविता सिंह के प्रयास ने किसानों को खेती से समृद्ध बनाया है। किसान आधुनिक तकनीक से खेती कर लाभ अर्जित कर रहे हैं। 200 से अधिक किसान पोषण वाटिका, मल्टीवेयर, मचान व ब्लीच सिस्टम से खेती कर रहे हैं।

#### आपसी सहमति से चुनाव

झाबुआ जनपद के तहत आने वाली ग्राम पंचायत परवट में चुनाव नहीं होते। बीते दो दशक से यहां ग्रामीण आपसी सहमति से ही सरपंच और पंच का नाम तय करते आ रहे हैं। वर्तमान में बागडोर सरपंच से लेकर सभी 12 पंच ने थाम रखी है। सरपंच पद के लिए रमिला शंकर सिंह भूरिया का नाम तय कर दिया। इनके अलावा पंच दल्ला भूरिया, मंगा भूरिया, कमती निनामा, बाबूड़ी परमार, जेमती वागूल, हुमी भूरिया, कमली देवल, रतनी भूरिया, दीतू कोसरा, वरदी झणिया, रमतू चौपड़ा और हड़ी भूरिया के नाम पर आपसी सहमति से चुनाव किए गए। पंचायत में सामंजस्य की इस मिशाल को देखते हुए 2004-14 तक तीन निर्विरोध पंचायत चुनने पर सरकार ने इनाम भी दिया। प्रदेश में कुल 23,006 ग्राम पंचायतें हैं। इनमें महिला सरपंचों की संख्या 99,500 (करीब 41 प्रतिशत)है। ओडीएफ पंचायतें 11,400+, डिजिटल पंचायतें 1,200+ हैं। सेवानिवृत्त प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास बीके बाथम का कहना है कि पंचायती राज प्रजातंत्र के लिए रीढ़ की है, लेकिन राजनीतिक दल इसे कमजोर करने पर तुले हैं। ऐसे में पंचायतों के अधिकार सिर्फ कागजी ही रह गए हैं। इन पर निर्णय थोपे जाने लगे हैं। इनके अधिकार कम करने की कोशिशें भी समय-समय पर होते रहते हैं। पंचायतों को यदि पूरी तरह स्वतंत्रता से निर्णय करने दिए जाएं तो रामराज की संकल्पना साकार हो सकती है। पंचायती राज में अभी कई चुनौतियां हैं। मनरेगा जैसी योजनाओं में फर्जी मस्टर रोल और बिल में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिला-जनपद नेताओं का प्रभाव पंचायत के निर्णयों पर दिखता है। सरपंच-सचिवों को सही जानकारी नहीं होने से फंड का सही उपयोग नहीं हो पाता। डिजिटल टूल्स की कमी है, जिससे पारदर्शिता बाधित होती है।

# 200 श्रद्धालुओं का जत्था पांच बसों से धर्म यात्रा पर रवाना



#### जीनगर समाज के युवाजन वर्तमान समय के श्रवण कुमार: ढालिया

**भोपाल।** जीनगर समाज के 200 धर्म यात्रियों का जत्था मथुरा वृंदावन हरिद्वार ऋषिकेश ओर खाटू श्याम के पावन धामों के दर्शन हेतु 5 बसों से गणेश मंदिर टीला रामपुरा से मंत्रोंचारों के बीच समाजसेवी मुरली डाबी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। इससे पूर्व सभी तीर्थ यात्रियों का गमछा ओढ़ा मिष्ठान खिलाकर आनंदी देवी, पूनम चंद चौहान, स्मृति मंच की ओर से यात्री बैग देकर संयोजक पृथ्वीराज चौहान ने पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को भाजपा उत्तर विधानसभा प्रभारी पंकज चौकसे, पार्षद और जोन अध्यक्ष देवेंद्र भार्गव, क्षेत्रीय पार्षद शैलेश साहू ,घनश्याम कुशवाह, महेश मकवाना और जीनगर ज्योति के राष्ट्रीय संयोजक भगवान दास ढालिया ने संबोधित कर समाज के युवा जनों को आज का श्रवण कुमार बताया। इसी उत्साह से देश और सामाज हित के कार्य करने का आवाहन किया समाज के वरिष्ठ जनों ने भगवा झंडा दिखाकर बसों को रवाना किया। इस अवसर पर रवि सूर्यवंशी, मुकेश मेर, सोनू पंवार, राजकुमार सांखला, सुनील सोनगरा, पवन चौहान, महेंद्र पवार, हुकुमचंद चौहान, महेश डाबी, महेन्द्र पंवार,जगमोहन राजपूत, दिनेश भोसले, सचिन पवार, ऋतिक पवार सहित काफी संख्या में मातृशक्ति ने धर्म यात्रा पर रवानागी पूर्व पहलगाम हमले की कायरना हरकत का विरोध कर दिवंगत नागरिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि भी दी।

# भोपाल जिपं उपाध्यक्ष-सदस्य भूख हड़ताल पर बैठे

### अधूरी नल-जल योजनाओं को लेकर नाराजगी




**भोपाल।** भोपाल जिले में अधूरी नल-जल योजनाओं को लेकर गुरुवार को जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट, सदस्य विनय मेहर, चंद्रेश राजपूत, देवकुवर हाड़ा समेत सुरेश राजपूत, अनिल हाड़ा और विनोद राजोरिया जिला पंचायत परिसर में भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। जाट ने चार दिन पहले कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को इसकी जानकारी दे दी थी। जनप्रतिनिधियों के प्रदर्शन से जिम्मेदार अफसरों की सांसें फूल गई हैं। बीती रात वे जनप्रतिनिधियों को मनाने में जुटे रहे।

अधूरी योजनाओं के कारण गांवों की बड़ी आबादी गर्मी में पानी के लिए परेशान हो रही है। इसे लेकर जिला पंचायत की बैठक में मुद्दा भी उठ चुका है, पर पीएचई विभाग के जिम्मेदार नहीं जागे। इस कारण जिपं उपाध्यक्ष जाट ने कलेक्टर को पत्र लिखा था। जिसमें कहा था कि जिपं ऑफिस परिसर में ही 24 अप्रैल से भूख हड़ताल पर बैठूंगा। हालांकि, कलेक्टर को पत्र लिखते ही सीईओ ईला तिवारी ने नल-जल योजनाओं के बारे में 3 दिन में रिपोर्ट मांग ली थी। उन्होंने जनपद पंचायत फंदा एवं बैरसिया अंतर्गत स्वीकृत, हस्तांतरित, ट्रायलरन, प्रगतिरत नल-जल योजनाओं के निरीक्षण, जांच कराने के लिए टीमें बना दीं। इस टीम में पीएचई, जनपद के इंजीनियर, सचिव, रोजगार सहायक शामिल किए गए, जो जिला पंचायत के सभी सदस्य को अवगत कराते हुए निरीक्षण/जांच करेंगे। यह रिपोर्ट भी गुरुवार को ही पेश कर दी जाएगी।

#### सदस्य भी भूख हड़ताल पर बैठे

जिपं उपाध्यक्ष जाट ने कलेक्टर को पत्र लिखा कि 27 मार्च को साधारण सभा की बैठक हुई थी। इसमें जल जीवन मिशन योजना के तहत विभागीय अधिकारियों को 15 दिन में अधूरी नल-जल योजनाओं को पूरा करने को कहा गया था, लेकिन 23 अप्रैल का दिन भी बीत गया। बावजूद अब तक न तो कोई रिपोर्ट दी गई और न ही गांवों में पेयजल संकट खत्म हुआ है। वर्तमान में खजूरी, गुनगा, कनेरा, शाहपुरा, देवपुरा, गोलखेड़ी, कोठार, चंदेरी, दुपड़िया, कालापीपल, बागापुरा, तारा सेवनिया, आचारपुरा, करारिया, सेमरीखुर्द, खितवास, चाचाहेड़ी, गोंदीपुरा, परवलिया, बरेलाखेड़ा, लहारपुरा समेत कई पंचायतों में लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं।

# राजधानी में दूसरे दिन भी प्रदर्शन, भोपाल के मुस्लिमों ने कहा

### 10 मिनट में पाकिस्तान को फतह कर भारत में मिला देंगे




**भोपाल।** भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। भोपाल में मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा कि 10 मिनट में पाकिस्तान को फतह कर भारत में मिला देंगे। जितनी पाकिस्तान के पूरे मुल्क की आबादी है उतनी तो हमारी तीनों सेनाएं हैं। बता दें, मंगलवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 27 पर्यटकों की मौत हो गई थी। गुरूवार को सभी के गृह जिलों में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

भोपाल के इतवारा चौराहे पर ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी और संयुक्त मोर्चा मप्र के सदस्यों ने आतंकवाद का पुतला दहन किया। भोपाल के इतवारा चौराहे पर ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी और संयुक्त मोर्चा मप्र के सदस्यों ने आतंकवाद का पुतला दहन किया। मुस्लिम त्योहार कमेटी ने आतंकवाद का पुतला जलाया।

भोपाल के इतवारा चौराहे पर ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी और संयुक्त मोर्चा मप्र के सदस्यों ने आतंकवाद का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगे। संयुक्त मोर्चा मप्र के अध्यक्ष शमशुल हसन बल्ली ने कहा, बार-बार पाकिस्तान की तरफ से हमले किए जाते हैं। फिर क्या मजबूरी है, इतने सशक्त प्रधानमंत्री और ताकतवर सेनाएं होने के बावजूद जवाब नहीं दिया जा रहा। सवाल ये है कि हमारे पास तीनों ताकतवर सेनाएं हैं। इसके बावजूद हमला न करना, पाकिस्तान को नेस्तनाबूद न करना ये विचारणीय प्रश्न है। हम चाहते हैं कि अगर हम नाश्ता दिल्ली में करें तो, खाना हमें लाहौर में खाना चाहिए।

# पहलगाम अटैक, उलेमा बोर्ड बोला-आतंकवाद का इस्लाम से कोई संबंध नहीं, पीएम से कड़ी कार्रवाई की मांग

### पाकिस्तान का बहिष्कार हो

**भोपाल।** जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद देशभर में आक्रोश और शोक की लहर फैल गई है। इस हमले में कई निर्दोष पर्यटक मारे गए, जिनमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल थे, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पूरे देश ने इस हमले को इंसानियत पर हमला बताया है। भोपाल स्थित मसाजिद कमेटी के अंतर्गत आने वाले दारुल कजा और दारुल इफ्ता ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह घटना पूरी मानवता को शर्मसार करने वाली है। उन्होंने मुस्लिम समाज की ओर से शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं और प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री से मांग की कि हमले में शामिल आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही स्थानीय नागरिकों से सतर्क रहने और अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील भी की।

ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड ने भी इस हमले को लेकर सख्त रुख अपनाया है। बोर्ड के अध्यक्ष काजी सैयद अनस अली ने कहा कि जिसने किसी निर्दोष की जान ली या जमीन पर फसाद फैलाया, उसने पूरी इंसानियत का कत्ल किया। उन्होंने आतंकवादी संगठनों और पाकिस्तान की निंदा करते हुए भारत सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ पूर्ण बहिष्कार की मांग की है। साथ ही देशवासियों से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने और शहीदों के परिवारों के प्रति समर्थन जताने की अपील की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आतंकवाद का इस्लाम से कोई संबंध नहीं है। मप्र सर्वधर्म सद्भावना मंच के सचिव हाजी मोहम्मद इमरान ने भी घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह हमला केवल निर्दोष नागरिकों पर नहीं, बल्कि पूरी मानवता पर हमला है। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत सरकार को इस हमले के पीछे जिम्मेदार आतंकवादियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह घटना देश की सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक को दर्शाती है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

#### वक्फ बोर्ड के विरोध में प्रस्तावित धरना स्थगित

25 अप्रैल को वक्फ बोर्ड के विरोध में प्रस्तावित धरना अब स्थगित कर दिया गया है। आयोजन शाहरुख पठान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह निर्णय ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के निर्देशानुसार लिया गया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड के मार्गदर्शन को ध्यान में रखते हुए हमने धरना रद्द करने का फैसला किया है। इसके साथ ही, शाहरुख पठान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि यह घटना कायरता की निशानी है। पर्यटकों पर हमला होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हम सभी घायलों और मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। पठान ने आगे कहा कि देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हम सभी को ऐसे कृत्यों की एकजुट होकर निंदा करनी चाहिए।

## एमपी में संचालित होंगे मुख्यमंत्री जिला योग प्रशिक्षण केंद्र

**भोपाल।** प्रदेश सरकार ने योग के प्रति लोगों को जागरूक करने और इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से कई कदम उठाए हैं। अभी तक प्रदेश के 4,000 ग्रामों और 356 शहरी वार्डों में योग समितियों का गठन किया जा चुका है, जो स्थानीय स्तर पर योग प्रशिक्षण और कार्यक्रमों का संचालन कर रही हैं।

## संपादकीय

# चीन का कल्पना लोक से हकीकत तक, 10जी का सफर

**चीन** ने एक बार फिर सारी दुनिया को तकनीक के क्षेत्र में आश्चर्यचकित कर दिया है। वैश्विक टेक्नोलॉजी को लेकर दुनिया के विकसित एवं विकासशील देश अभी 6व तकनीकी पर शोध कर रहे हैं। चीन ने इस बीच 10जी लॉन्च कर दिया है। भारत अभी 5व के शुरुआती दौर में हैं। भारत में अभी भी 3व और 4व नेटवर्क में ही काम चल रहा है। गांव-गांव में अभी तक इंटरनेट का नेटवर्क ही नहीं पहुंच पाया है। इसी चीन ने 10व नेटवर्क को वास्तविकता मे बदल दिया है। यह उपलब्धि किसी चमत्कार से कम नही है। इस चमत्कार के बल पर चीन को दुनिया का विश्व गुरु बनने से अब उसे कोई नहीं रोक सकता है। चीन का यह चमत्कार वैश्विक -शक्ति संतुलन को प्रभावित करने वाला है। चीन की टेलीकॉम कंपनी ने 9834 एमबीपीएस की डाउनलोड स्पीड और 108 एमबीपीएस की अपलोड स्पीड के साथ 10 जी नेटवर्क को हेबेई प्रांत के सुनान काउंटी में शुरू कर दिया है। यह नेटवर्क 50जी पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क तकनीक पर आधारित है। जिसने मौजूदा फाइबर ऑप्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। इसका असर इंटरनेट उपयोगकर्ताओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, ट्रैफिक मैनेजमेंट, ड्रोन संचार व्यवस्था, स्मार्ट सिटीज और रक्षा जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव आना तय है। चीन की यह उपलब्धि तकनीक और विज्ञान के क्षेत्र में उसके दीर्घकालिक निवेश और सोच का परिणाम है। भारत अभी 5व नेटवर्क पर ही अटका हुआ है। चीन ने 10व को घर-घर पहुंचाने का काम शुरू कर दिया है। भारत शोध के क्षेत्र में अपना बजट लगातार घटा रहा है। विश्वविद्यालयों में जिस तरीके के हालात देखने को मिल रहे हैं। उसमें पढ़ाई और शोध के स्थान पर मंदिर-मस्जिद हिंदू राष्ट्र और सनातनी पढ़ाई इतिहास को बदलने तरह-तरह के प्रयोग हो रहे हैं। तकनीकी के क्षेत्र में भारत का कोई विजन ही नहीं है। भारत जहां विश्व गुरु बनने की बात करता है। तीसरी अर्थशक्ति बनने की बात करता है। यह सारे दावे हवा हवाई हैं। भारत चीन से सबसे ज्यादा आयात करता है। चीन के बने हिन्दू भगवान भारत में आकर बिकते हैं। हर छोटा बड़ा दैनिक उपयोग का सामान चीन से आ रहा है। भारत की लघु इकाइयां एक-एक करके बंद होती जा रही हैं। तकनीकी के क्षेत्र से भारत का दूर-दूर तक का वास्ता नहीं है। वहीं पड़ोसी देश चीन ने पिछले 30 सालों में वह करके दिखा दिया है। जो भारत सोच भी नहीं पा रहा है। 30 साल पहले भारत और चीन की अर्थव्यवस्था में कोई बहुत ज्यादा अंतर नहीं था। भारत की तुलना में चीन पिछले 30 सालों में हर क्षेत्र में तेजी के साथ प्रगति कर रहा है। वर्तमान स्थिति में भारत को एक स्पष्ट टेक्नोलॉजिकल रोडमैप बनाने की है। शिक्षण संस्थानों को राजनीति से दूर रखने की जरूरत है। शिक्षण संस्थानों में योग्य विषय विशेज्ञयों की नियुक्ति करना सबसे बड़ी चुनौती है। वैचारिक आधार पर पिछले कुछ वर्षों में शिक्षण संस्थानों में जो नियुक्तियां हुई है। उसने भारत को बहुत नुकसान पहुंचाया है। किसी भी देश के लिए राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक जरूरतें अलग-अलग तरह की होती हैं। भारत जब स्वतंत्र हुआ था। उसके बाद भारत के जो शिक्षण संस्थान तैयार किये गये थे। उन्होंने एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया था। पिछले एक दशक में हम इसी क्षेत्र में सबसे ज्यादा पिछड़ रहे हैं। भारत पिछलग्गू नहीं बने। वर्षों पुरानी तकनीकी के हम गुलाम ना बने। बल्कि नवाचार के साथ आगे बढ़ना होगा। इस दिशा में सरकार की एक सोच होनी चाहिए। भारत की प्रतिभाएं दूसरे देशों में जाकर तकनीकी के क्षेत्र में बड़े-बड़े काम करती हैं। भारत में उनके लिए कोई अवसर नहीं होते हैं। भारत छोटे-बड़े नवाचार को कभी गंभीरता से नहीं देखता है। हम जब तक कल्पनालोक और सपनों में जीते रहेंगे। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और सबसे युवा देश होने के बाद भी हम अन्य देशों के पिछलग्गू बनकर अपनी कमाई का एक बड़ा हिस्सा उन्हें देते रहेंगे। हमारे यहां का करोणों की संख्या में युवा बेरोजगार हैं। हमारे छोटे-छोटे उद्योग धंधे खत्म होते जा रहे हैं। यह वास्तविक स्थिति है। जबकि चीन जैसे देश देखते ही देखते दुनिया के सिरमौर बनने जा रहे हैं। हम नारों में अपने आप को विश्व गुरु और दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दावा करते रह जाएगे। हकीकत इसके ठीक विपरीत नजर आती है।

-सनत जैन

## राज काज

### पुलिस अधिकारियों का राजनीति प्रेम

बिहार के बड़े-बड़े पदों पर बैठे हुए पुलिस अधिकारियों की इच्छा होती है। वह चुनाव लड़कर विधानसभा और लोकसभा पहुंचे। केंद्र में हरदीप पुरी अश्विनी वैष्णव अर्जुन मेघवाल पूर्व अधिकारी हैं। जो केंद्र में महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री बने हुए हैं। बिहार में प्रशांत किशोर ने नई पार्टी बनाई है। प्रशांत किशोर की पार्टी में शामिल होने के लिए पुलिस अधिकारी काफी उत्साहित हैं। असम काडर के एक पुलिस अधिकारी ने प्रशांत किशोर की पार्टी, बीआरएस लेकर ज्वाइन कर ली है। वही शिवदीप लांडे ने बीआरएस लेकर हिंद सेना नाम की नई पार्टी बना ली है। जो बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। पहले अधिकारी सेवानिवृत्ति के बाद राजनीति का पल्लू थामते थे।

### वक्फ कानून पर केंद्र सरकार को झटका

केंद्र सरकार ने 80:20 की लड़ाई को ध्यान में रखते हुए वक्फ कानून को लेकर बड़ा हो हल्ला मचाया। मुसलमानो को कई भागों में बांटने की जो रणनीति बनाई थी। उस रणनीति को सुप्रीम कोर्ट ने एक ही झटके में खत्म कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट में 2 दिन लगातार सुनवाई हुई। जजों के सवालों का जवाब सरकार नहीं दे पाई। सरकार ने जवाब देने के लिए समय मांगा। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने अपनी पूरी ताकत लगा दी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट का रुख नहीं बदला। सुप्रीम कोर्ट ने 5 मई तक के लिए सुनवाई को टाल दिया है। एक सप्ताह के अंदर सरकार को जवाब देने के लिए कहा है।

### राहु केतु से घिरे टेरिफ़ के मामले में ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के ऊपर 245 फ़ीसदी टैक्स लगाकर चीन के खिलाफ कड़े तेवर अपनाए थे।इस पर चीन ने हंसी उड़ाते हुए कहा, वह चीन से डरने वाला नहीं है। चीन ने यह भी कह दिया, कि वह अमेरिका की ओर से लगाए गए किसी भी टेरिफ का अब कोई जवाब नहीं देगा। ऐसा कहकर चीन ने अमेरिका को उसकी औकात बता दी। रही सही कसर अमेरिका की न्यायालयों ने पूरी कर दी है। अमेरिका के कई राज्यों ने टेरिफ के खिलाफ न्यायालय का रुख किया था। राज्यों की मांग पर न्यायालय ने ट्रंप के टेरिफ़ को स्टे कर दिया है। अब ट्रंप को सूझ नहीं रहा है, कि वह क्या करें।

### शरबत बेचने के लिए अब धर्म की लड़ाई

बाबा रामदेव से ज्यादा कुशल व्यापारी सारी दुनिया मे और कोई नहीं हो सकता है।यह बाबा ने कई बार साबित किया है। हाल ही में बाबा ने शरबत को लेकर अप्रत्यक्ष रूप से रूह अफजा का मार्केट कब्जाने के लिए सांप्रदायिक स्वरूप दे दिया है। बाबा रामदेव पूर्णत स्वदेशी और हिंदू सरबत तैयार कर रहे हैं। वहीं कई दशकों से हम्दर्द का रूह अफजा देश में बड़े पैमाने पर बिकता है। लोग इसे पसंद करते हैं। बाबा रामदेव ने कह दिया, उस शरबत की कमाई से मस्जिद और मदरसे बनते हैं। बाबा के शरबत से क्या बनेगा, यह उन्हें नहीं बताया।बाबा ने हिंदू धर्म का तड़का लगाकर अपने शरबत को बेचने के लिए सांप्रदायिक युद्ध शुरू किया है। बाबा की इसमें मास्टरी है।

# आतंकी हमला: आतंक के विरुद्ध जन-आक्रोश



बृजमोहन श्रीवास्तव

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में कम से कम 26 नागरिक मारे गए, जिनमें ज़्यादातर पर्यटक थे। यह 2019 के पुलवामा हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमला है। इसके पहले 18 मई 2024 में भी दो आतंकवादी हमले हुये थे जिसमें शोपियां में बीजेपी के पूर्व सरपंच ऐजाज अहमद शेख की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी, रात 10-30 बजे हिरपोरा में हुई इस घटना का उद्देश्य केंद्र सरकार के सुरक्षा प्रयासों से उपजी बौखलाहट थी। इसी दिन अनंतनाग में जयपुर के एक मुस्लिम जोड़े को भी गोली मार कर घायल किया था। इन दोनों घटनाओं के पीछे भारत सरकार के सुरक्षा प्रयासों के दावों को झुठलाने की कोशिश के साथ पर्यटकों को हतोत्साहित करने का उद्देश्य आतंकवादियो का था। पहलगाम में हुआ यह हमला बैसरन नामक घास के मैदान में हुआ,जहाँ केवल पैदल या टट्टू से ही पहुँचा जा सकता है, मंगलवार की सुबह पर्यटकों का एक समूह वहाँ घूमने गया था। इस हमले में निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या ने केवल मानवता को ही शर्मसार नहीं किया है बल्कि कश्मीर की शांति और विकास की राह में एक गंभीर चुनौती भी पेश करने की कोशिश की है जो उनकी हताशा को बयां करती है।

इस त्रासदी के बीच मगर एक सकारात्मक परिवर्तन भी देखने को मिला है। घटना के तुरंत बाद जिस प्रकार से कश्मीर के आम नागरिकों ने इस हमले की खुलकर निंदा की है और आतंकवाद के खिलाफ आवाज बुलंद की है जो इसके पहले कभी देखने को नहीं मिली थी। कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में लोगों ने रैलियाँ निकालकर पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए, जो इस बात का संकेत है कि अब कश्मीर के लोग शांति और विकास के पक्षधर हैं और केन्द्र



की नीतियों का खुलकर समर्थन कर रहे है।

पिछले कुछ वर्षो में शांति और विकास का जो माहौल बना है, उसने स्थानीय लोगों को यह महसूस कराया है कि स्थिरता और समृद्धि ही उनके भविष्य की कुंजी है। पर्यटन, शिक्षा, और व्यापार के क्षेत्र में हुए सुधारों ने लोगों को यह समझाया है कि आतंकवाद से दूरी बनाकर ही वे अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं। कश्मीर के वातावरण में यह बदलाव अचानक नहीं आया है यह परिणाम केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी की नीतियों और प्रयासों से सम्भव हुआ है जो वह गत कई वर्षो से कर रहे है। उनके ईमानदार प्रयासों ने कश्मीर के लोगों में विश्वास और सुरक्षा की भावना को पुनर्जीवित किया है। पिछले समय से श्री शाह ने कश्मीर के बहुत से दौरे के दौरान स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया ,कश्मीरियों के मन में यह भरोसा जगाया कि केंद्र सरकार उनकी सुरक्षा व भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। पहलगाम की घटना पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी विदेश दौरे पर रहते हुए इस पर सतत निगरानी रखी। वहीं अपने विदेशी दौरे को बीच में छोड़कर कर यह स्पष्ट संदेश दिया कि कश्मीर की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार गंभीर है। घटना के तत्काल बाद श्री अमित शाह जी के पहुँचने से कश्मीर में सुरक्षा और विश्वास का माहौल बना है लोगों को विश्वास हुआ है कि केंद्र के शांति के प्रयासों में कोई कमी नहीं आयेगी। उनके इस कदम से निश्चित ही आतंकियों के मनोबल पर असर पड़ेगा।

बैसरन की घटना ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर किया है कि क्या आतंकवाद फिर से पैर पसारने की कोशिश कर रहा है ? इसका जवाब निश्चित ही नहीं है क्योंकि अब कश्मीर के लोग जागरूक हो चुके हैं और उन्होंने तय कर लिया है कि वे आतंकवाद का समर्थन नहीं करेंगे। उनकी यह दृढ़ता ही आतंकवाद के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है। क्योंकि इस घटना के बाद कश्मीर में जो जन-आक्रोश देखने को मिला है, वह इस बात का प्रमाण है कि अब कश्मीर के लोग आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हो चुके हैं। यह बदलाव न केवल कश्मीर के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक आशा की किरण है।

पिछले कई दशकों से कश्मीरी नागरिकों को आतंकवादी गतिविधियों के कारण भारी व्यक्तिगत, आर्थिक और सामाजिक नुकसान उठाना पड़ा है। फिर भी, वे आज भी इस स्थिति का पूरी हिम्मत के साथ सामना कर रहे हैं। ऐसे कठिन समय में भी इतनी मजबूती से खड़े रहना और स्थिति को संभालना, उनकी मानसिकता वाकई इस देश के लिए प्रेरणादायी है।

यह अवसर है जब केंद्र सरकार इस जन-भावना को और मजबूत करे और कश्मीर के लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करे, ताकि वे आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को और प्रभावी ढंग से लड़ सकें। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए और आतंकवाद के खिलाफ भारत के प्रयासों का समर्थन करना चाहिए। अंततः, पहलगाम की घटना एक चेतावनी है, लेकिन कश्मीर के लोगों की प्रतिक्रिया एक आशा की किरण है जो केंद्र सरकार के प्रयासों पर सील लगाते हुये कह रही है कि अब समय आ गया है कि हम सभी मिलकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हों जिससे कश्मीर शांति, विकास, और समृद्धि की ओर अग्रसर हो जिससे आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके।

**(लेखक नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता एवं जम्मू-कश्मीर के प्रभारी हैं)**

# पहलगाम में मजहबी आतंक का सबसे बर्बर चेहरा

- ललित गर्ग

जम्मू-कश्मीर में स्थित पहलगाम, जिसे 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से जाना जाता है, मंगलवार को एक भीषण, दर्दनाक एवं अमानवीय आतंकी हमले का गवाह बना, एक बार फिर जिहादी आतंक का घिनौना-बर्बर चेहरा दिखा। आतंकियों ने पहलगाम में निर्दोष-निहत्थे पर्यटकों की जिस तरह पहचान पता करके गोलियां बरसाई, उससे यही पता चलता है कि वे केवल खौफ ही नहीं पैदा करना चाहते थे, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों का खून बहाकर दुनिया का ध्यान भी खींचना चाहते थे। यह आतंकवाद एवं सांप्रदायिक घृणा का अब तक का सबसे घिनौना एवं बर्बर हमला एवं चेहरा है, जिसमें हिन्दू सुनकर चलाई गोलियां। जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के मूल एजेंडे का हिस्सा है। इस जघन्य एवं त्रासद घटना में निर्दोष पर्यटकों को तब मौत की गहरी नींद सुलाया गया, जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति भारत में हैं और भारतीय प्रधानमंत्री सऊदी अरब में। इस हमले ने यह प्रकट किया कि कश्मीर में बचे-खुचे आतंकी किसी भी सीमा तक गिरने पर आमादा हैं। आतंकियों ने उन पर्यटकों को निशाना बनाया, जो कश्मीरियों की रोजी-रोटी को ही सहारा देने कश्मीर गए थे। यह हमला इतना वीभत्स था कि उसने हर संवेदनशील दिल को झकझोर कर रख दिया। आतंकियों ने नृशंसता की सारी सीमाएं पार करते हुए अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 28 पर्यटक, जिनमें दो विदेश नागरिक भी थे, की दर्दनाक मौत हो गई। हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान में स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने ली है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि हमलावरों ने दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग से होते हुए किश्तवाड़ के रास्ते बैसरन तक पहुंच बनाई।

## जरा हटके

### अब सोना भी एटीएम से निकल रहा, रियल टाइम गोल्ड एटीएम

**हैदराबाद, (ईएमएस)।** अब आप पैसे ही नहीं सोना भी एटीएम से निकाल सकेंगे। जी हां यह सपना नहीं हकीकत है। अब हैदराबाद में दुनिया का पहला रियल टाइम गोल्ड एटीएम लगाया गया है, जिससे सोना खरीदना अब नया अनुभव बन गया है। पहले जहां हमें ज्वेलरी शोरूम तक जाकर सोने की खरीदारी करनी पड़ती थी, अब एटीएम से सीधे गोल्ड कॉइन खरीद सकते हैं। इस एटीएम की खासियत है कि यह बिना किसी इंसानी हस्तक्षेप के 24 घंटे रुपया की तरह सोना उपलब्ध कराता है। ग्राहक डेबिट या क्रेडिट कार्ड के जरिए से भुगतान कर सकते हैं और फिर सोने के कॉइन को डिस्पेंसर से तुरंत प्राप्त कर सकते हैं, जो शुद्धता प्रमाण-पत्र के साथ होता है। इस गोल्ड एटीएम में ग्राहक 0.5 ग्राम से लेकर 100 ग्राम तक का सोना खरीद सकते



हैं और यह सारी प्रक्रिया रियल टाइम रेट पर होती है। जब भी ग्राहक एटीएम का इस्तेमाल करते हैं, स्क्रीन पर ताजे रेट्स डिस्प्ले होते हैं, जिससे उन्हें हमेशा बाजार के मुताबिक ही कीमत मिलती है। सोने की पैकिंग भी बहुत सुरक्षित होती है, और उसे तुरंत डिलीवर किया जाता है। यह सुविधा भारत के हैदराबाद में शुरू की गई है, और यह अब सोने के शौकिनों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। इसके अलावा तिरुपति बालाजी मंदिर में भी इसी तरह का गोल्ड और सिल्वर एटीएम लगाया गया है। यहां से लोग केवल सिक्के ही नहीं, बल्कि लॉकेट्स भी खरीद सकते हैं। यहां पर उपलब्ध लॉकेट्स 2 ग्राम, 5 ग्राम और 10 ग्राम के होते हैं, और पेमेंट के लिए डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और यूपीआई का विकल्प मौजूद है। टच स्क्रीन के जरिए ग्राहक इसे आसानी से ऑपरेट कर सकते हैं, और सुंदर पैकेजिंग के साथ उन्हें तुरंत डिलीवरी मिल जाती है। सोने और चांदी के इस डिजिटल युग में कदम रखते हुए यह एटीएम न केवल एक तकनीकी कदम हैं, बल्कि यह ग्राहकों के लिए खरीदारी को और भी सुविधाजनक और सुरक्षित बना दिया है। अब कोई भी व्यक्ति आसानी से सोने की खरीदारी कर सकता है, बिना किसी शोरूम में जाए। जैसे-जैसे गोल्ड की कीमतें आसमान छू रही हैं लोग पारंपरिक ज्वेलरी शॉपिंग से डिजिटल शॉपिंग की ओर बढ़ रहे हैं।

## सुविचार

सौंदर्य तो अस्थाई है लेकिन मन आपका जीवन भर साथ देता है।

-एलिशिया मेकेडो

विचारों को मूर्त रूप देने की क्षमता ही सफलता का रहस्य है।

-हेनरी वार्ड बीचर

## प्रसंग

### आत्मविश्वास है विजय



घटना है वर्ष 1960 की। स्थान था यूरोप का भव्य ऐतिहासिक नगर तथा इटली की राजधानी रोम। सारे विश्व की निगाहें 25 अगस्त से 11 सितंबर तक होने वाले ओलंपिक खेलों पर टिकी हुई थीं। इन्हीं ओलंपिक खेलों में एक बीस वर्षीय अश्वेत बालिका भी भाग ले रही थी। वह इतनी तेज़ दौड़ी, इतनी तेज़ दौड़ी कि 1960 के ओलंपिक मुकाबलों में तीन स्वर्ण पदक जीत कर दुनिया की सबसे तेज़ धाविका बन गई। रोम ओलंपिक में लोग 83 देशों के 5346 खिलाड़ियों में इस बीस वर्षीय बालिका का असाधारण पराक्रम देखने के लिए इसलिए उत्सुक नहीं थे कि विल्मा रुडोल्फ नामक यह बालिका अश्वेत थी अपितु यह वह बालिका थी जिसे चार वर्ष की आयु में डबल निमोनिया और काला बुखार होने से पोलियो हो गया और फलस्वरूप उसे पैरों में ब्रेस पहननी पड़ी। विल्मा रुडोल्फ़ ग्यारह वर्ष की उम्र तक चल-फिर भी नहीं सकती थी लेकिन उसने एक सपना पाल रखा था कि उसे दुनिया की सबसे तेज़ धाविका बनना है। उस सपने को यथार्थ में परिवर्तित होता देखने के लिए ही इतने उत्सुक थे पूरी दुनिया के लोग और खेल-प्रेमी। डॉक्टर के मना करने के बावजूद विल्मा रुडोल्फ़ ने अपने पैरों की ब्रेस उतार फेंकी और स्वयं को मानसिक रूप से तैयार कर अभ्यास में जुट गई। अपने सपने को मन में प्रगाढ़ किए हुए वह निरंतर अभ्यास करती रही। उसने अपने आत्मविश्वास को इतना ऊँचा कर लिया कि असंभव-सी बात पूरी कर दिखलाई। एक साथ तीन स्वर्ण पदक हासिल कर दिखाए। सच यदि व्यक्ति में पूर्ण आत्मविश्वास है तो शारीरिक विकलांगता भी उसकी राह में बाधा नहीं बन सकती।

- सीताराम गुप्ता

## फोटो ऑफ द डे



यूक्रेन में रूसी हमले के बाद राहत व बचाव दल के कर्मचारी वहां काम करते हुए। (फोटो-ईएमएस)

## व्यंग्य

# अपुन का ताजा एजेंडा!

-गुरमीत बेदी

एक सज्जन जानना चाह रहे थे कि चालू सीज़न में अपुन क्या गुल खिलाने जा रहे हैं। मैंने उन्हें बताया, हे भद्रपुरुष! बड़ा क्लीयर-सा फंडा है, लीक से हटकर कुछ कर दिखाना ही अपुन का एजेंडा है। वह सज्जन आँखें फाड़-फाड़ कर मेरी तरफ यों देखने लगे जैसे मैं इस लोक का प्राणी न होकर दूसरे लोक से टपका होऊँ। मैंने उनकी जिज्ञासा और हैरानगी को और न बढ़ाते हुए अपने एजेंडे की पिटारी खोल दी। अब वह सज्जन अभिभूत थे और अपुन पूरी लय में थे। अपुन के एजेंडे में कोई ऐसा-वैसा छुपा या सीक्रेट एजेंडा नहीं है जो आम तौर पर पॉलिटियशनों के एजेंडा में होता है। अपुन का एजेंडा बड़ा क्लीयर-सा एजेंडा है जिसमें जो भीतर है, वही बाहर है और जो बाहर है, वही भीतर है। आपके जनरल नॉलेज में इज़ाफ़ा करने और देश की आन-बान व शान को बढ़ाने के लिए लीजिए प्रस्तुत है अपुन का ताज़ा एजेंडा।

इस बार यानि इस साल यानि इस सीज़न में अपुन भ्रष्टाचार में नए आयाम स्थापित करेंगे। पिछले साल जिन सौदों में अपुन कमीशन नहीं खा पाए थे, वह कसर इस बार निकालेंगे। बिना कमीशन के कोई सौदा नहीं होगा और कमीशन की दरें क्या होंगी तथा कमीशन किन-किन में बाँटा जाएगा, इस बारे में सुझाव देने के लिए एक कमीशन बिठाया जाएगा। जिस तरह मूल्य सूचकांक और मुद्रा-स्फीति के बारे में हर पखवाड़े मुल्क की जनता को बताया जाता है, उसी तरह कमीशन की दरें घटने या बढ़ने के बारे में भी पब्लिक को जानकारी दी जाएगी। %जीओ और जीने दो% की तर्ज पर अपना नारा होगा- %खाओ और खाने दो।% अपुन के एजेंडे में जो दूसरी महत्वपूर्ण बात शामिल है, वह यह है कि अंतरिक्ष में एक बैंक खोला जाएगा। भ्रष्टाचार के ज़रिए कमाई धनराशि स्विस बैंकों में जमा करवाने का रिस्क नहीं लिया जाएगा क्यों कि सीबीआई कभी भी इन बैंकों में जाकर खातों और लाकरों की जाँच कर सकती है, लिहाज़ा दो नंबर का पैसा अंतरिक्ष में खुले बैंक में जमा करवाया जाएगा। ज़्यादा लफड़ा पड़ा तो यह कह कर सफ़ाई दी जा सकती है कि %ऊपर वाले% ने जो छप्पर फाड़ कर दिया था, वह %ऊपर वाले% के पास ही जमा करवा दिया है। कोई प्राब्लम है तो ऊपर वाले से ही पूछ लो।

अपुन के एजेंडे की तीसरी महत्वपूर्ण बात यह होगी कि अपने इलाके में कुछ समान विचारधारा के महापुरुषों के सहयोग से एक नई तरह का स्कूल खोला जाएगा और इस स्कूल में नई तरह का पाठ्यक्रम लागू करके बच्चों को नई-नई जानकारियों से लैस किया जाएगा और नए-नए संस्कार उनमें भरे जाएँगे। मसलन बच्चों को बताया जाएगा कि विरोधियों के खिलाफ़ कैसे-कैसे षड्यंत्र रचे जा सकते हैं, कैसे उन्हें ब्लैकमेल किया जा सकता है, चरित्र हनन की राजनीति कैसे की जाती है, बाहुबली कैसे बना जा सकता है, बूथ कैपचरिंग कैसे की जाती है, सांप्रदायिकता को बढ़ावा कैसे किया जाता है, फ्रॉड कैसे किए जाते हैं, टाँग खिंचाई कैसे की जाती है, अफ़वाहें कैसे फैलाई जाती है, राजनीति में किस गली से घुसा जाता है और कैसे राजनीति का धुरंधर खिलाड़ी बना जाता है। जब बच्चों को शुरू से ही यह सब सिखाया जाएगा तो बड़े होकर वे मात नहीं खाएँगे और अपने-अपने तरीके से देश का नाम रौशन करेंगे। बच्चों को नैतिकता, ईमानदारी, देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और भाईचारे जैसी फ़ालतू की बातें बताकर गुमराह नहीं किया जाएगा और न ही उनका बेशकीमती टाईम बरबाद किया जाएगा।

## चिंतन-मनन

# अपनेपन का प्रेम असली प्रेम

जब प्रेम बहुत गहरा होता है, तब तुम किसी भी गलतफहमी के लिए पूरी जिम्मेवारी लेते हो। पल भर के लिए ऊपरी तौर से नाराजगी व्यक्त कर सकते हो, परन्तु जब इस नाराजगी को दिल से महसूस नहीं करते, तब तुम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझ पाते हो। तब तुम उस अवस्था में हो जहां सभी समस्याएं और मत-भेद मिट जाते हैं और केवल प्रेम झलकता है। प्रायः हम मतभेदों में उलझे रहते हैं क्योंकि अपने वास्तविक स्वभाव से दूर हो गए हैं। प्रेम के नाम पर हम दूसरों को इच्छानुसार चलाना चाहते हैं। यह स्वाभाविक है कि जब हम किसी से प्रेम करते हैं तो हम चाहते हैं कि वे त्रुटिहीन हो। तुम पहाड़ी के ऊपर से जमीन के गड्ढों को नहीं देख सकते। इसी प्रकार, उन्नत चेतना की अवस्था से दूसरों की त्रुटियां नजर नहीं आती। परन्तु जमीन आकर गड्ढों को (दोषों को) देख सकते हो। और गड्ढों को भरना चाहते हो तो उन्हें देखना ही होगा। हवा में रहकर तुम घर नहीं बना सकते। गड्ढों को देखे बिना, उनको भरे बिना, कंकड़-पत्थर हटाए बिना, जमीन को नहीं जोत सकते। इसीलिए जब तुम किसी से प्रेम करते हो और उनमें दोष ही दोष देखते हो तो उनके साथ रहो और गड्ढे भरने में उनकी मदद करो। यही ज्ञान है। तुम किसी को प्यार क्यों करते हो?

## रोचक

# तेजी से बढ़ रही है इंसुलिन रेजिस्टेंस की समस्या

**लंदन (ईएमएस)।** वर्तमान में बिगड़ती जीवनशैली की वजह से इंसुलिन रेजिस्टेंस की समस्या तेजी से बढ़ रही है। इसकी वजह से खाने से मिलने वाला ग्लूकोज शरीर की मसल्स, लिवर और फैट सेल्स में ऊर्जा के रूप में नहीं पहुंच पाता। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर इंसुलिन हार्मोन का सही तरीके से उपयोग नहीं कर पाता। इसके परिणाम स्वरूप ब्लड शुगर का स्तर बढ़ने लगता है और थकान, कमजोरी, अत्यधिक भूख लगना, बार-बार प्यास लगना और बार-बार यूरिन आने जैसी समस्याएं सामने आने लगती हैं। अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो यह स्थिति टाइप 2 डायबिटीज का रूप ले सकती है। अच्छी बात यह है कि इस समस्या को कुछ घरेलू उपायों और सही खानपान के ज़रिए कंट्रोल किया जा सकता है, खासकर सुबह खाली पेट कुछ नेचुरल चीजों का सेवन करके इंसुलिन सेंसिटिविटी को बेहतर बनाया जा सकता है। इंसुलिन रेजिस्टेंस की समस्या को कम करने के लिए रोजाना सुबह खाली पेट एक चम्मच मेथी दाना पानी में भिगोकर उसका पानी पीना बेहद लाभकारी माना जाता है। यह न केवल ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करता है बल्कि शरीर में इंसुलिन की कार्यक्षमता को भी बढ़ाता है। वहीं दालचीनी की ड्रिंक भी एक कारगर उपाय है।

# पाकिस्तानी प्रोफेसर की दो टूक, क्या चीन क्या हमारा मामा लगता है?

## चीन में इस्लाम को खत्म ही किया जा रहा, आप चुप हैं

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद से देश में हलचल तेज है। भारत ने सिंधु जल समझौते को रोक दिया है। पाकिस्तान के लोगों के लिए वीजा पर पाबंदी है। वहीं दूतावास का स्टाफ भी कम किया गया है। अटारी सीमा से आवाजाही पूरी तरह बंद है। चर्चा हैं कि भारत कोई सैन्य एक्शन भी ले सकता है। इस बीच पाकिस्तान का कहना है कि उसका आंतकी घटना से लेना-देना नहीं है। लेकिन पाकिस्तान के ही प्रोफेसर इश्तियाक अहमद ने शाहबाज सरकार की पोल खोलकर खूब लताड़ा लगा दी है। उन्होंने कहा कि आखिर यह कैसा संयोग है कि कुछ दिन पहले ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भारत और हिंदुओं के खिलाफ नफरत का इजहार किया और फिर इस तरह का हमला हो गया, जिसमें बेगुनाह लोग मारे गए।

अहमद ने कहा कि आखिर पाकिस्तानी आर्मी चीफ को यह कहने की क्या जरूरत थी कि हम हिंदुओं से अलग हैं। उन्होंने टू नेशन थ्योरी पर तब वक्त में जोर दिया, जब पाकिस्तान के अंदर ही बवाल है। उन्होंने कहा कि ये भारत और हिंदुओं से खुद को अलग बताते हैं, लेकिन चीन से क्या रिश्ता है। उन्होंने कहा, चीन क्या हमारा मामा लगता है? वे नास्तिक हैं। चीन में इस्लाम को खत्म ही किया जा रहा है। आप वहां पर चुप हैं, हमारे जैसे लोग सोचते हैं कि ट्रेड रूट खुल जाएं और भारत से लेकर और मिडिल ईस्ट तक बिजनेस चले।

प्रोफेसर अहमद ने कहा कि भारत से 4 जंगें हुई हैं और हम कश्मीर नहीं ले पाए। उल्टा अपना देश ही तुड़वा लिया। अहमद ने कहा कि सारी दुनिया में फिर से बदनामी होगी। कहा जाएगा कि यह आतंकवाद को समर्थन करने वाला देश है। पाकिस्तान में पूरी पावर सेना प्रमुख के पास है और वह टू नेशन थ्योरी जैसी बात करते हैं। पाकिस्तान गलत चीजें कर रहा है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के आर्मी चीफ ने हिंदुओं से खुद को अलग बताने वाला भाषण इसलिए दिया था ताकि आंतरिक बवाल को टाला सके। पाकिस्तान के अंदर ही बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में बवाल है और उससे ध्यान भटकाने के लिए आर्मी चीफ ने ऐसा बयान दिया।



यूक्रेन के कीव में रुसी ड्रोन हमले के बाद आसमान में ही एक बैलास्टिक मिसाइल में धमाका हो गया।

# भारत अकड़ न दिखाए हम जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार: पाक रक्षा मंत्री

**इस्लामाबाद।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु संधि तोड़ने जैसे कई महत्वपूर्ण फैसले किए है। वहीं पाकिस्तान रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने तेवर दिखाते हुए कहा है कि भारत हमें कमजोर ना समझे। हमारी सेना भारत की किसी भी आक्रामकता का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। साथ ही आसिफ ने कथित भारतीय एजेंट को पकड़ने का भी दावा किया है। उनका दावा है कि ये कुलभूषण जाधव जैसा केस है।



रिपोर्ट के मुताबिक, ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि पाकिस्तान ने बलूचिस्तान में एक भारतीय एजेंट को गिरफ्तार किया है। यह मामला कुलभूषण जाधव जैसा ही है। हालांकि ख्वाजा आसिफ ने गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का नाम या कोई और जानकारी नहीं दी। स्थानीय मीडिया में इस गिरफ्तारी के बारे में कई तरह की बातें चल रही हैं। ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि भारतीय एजेंट व्यक्ति को ईरान-अफगानिस्तान सीमा के पास से पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इस गिरफ्तारी के तार बलूचिस्तान में आतंकवाद फैलाने और टीटीपी के बीच संबंध भारत से होने से जुड़े हैं। पाक मीडिया ने गिरफ्तार किए शख्स का नाम अशोक चतुर्वेदी बताया है। इस शख्स के बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। दावा है कि चतुर्वेदी को उसके हैंडलर से मिलाने के बहाने बुलाकर गिरफ्तार किया गया पाकिस्तान ने कुलभूषण जाधव को 2016 में बलूचिस्तान से पकड़ने का दावा किया था।

ख्वाजा आसिफ ने यह भी कहा कि भारत की ओर से सिंधु जल संधि को खत्म करने की बात हो रही है लेकिन वह इसे एकतरफा तरीके से रद्द नहीं कर सकते हैं। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान सख्त है। हमने भी भारत में होने वाले आतंकवादी हमलों की निंदा की है लेकिन हमारे ऊपर दिल्ली से जिस तरह के आरोप लगते हैं, उनका कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि हम अपनी रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का अधिकार रखते हैं और अपनी जमीन की पूरी मजबूती से रक्षा करेंगे। आसिफ ने अकड़ दिखाते हुए कहा कि पाकिस्तान की ताकत को लेकर भारत किसी भुलावे में ना

# यूक्रेनी राष्ट्रपति का बयान- रूस के साथ शांति वार्ता हानिकारक

## ट्रंप ने कहा- क्रीमिया के मुद्दे पर जोर देकर युद्ध को लंबा खींच रहे जेलेंस्की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर निशाना साधते हुए कहा कि क्रीमिया के मुद्दे पर जोर देकर वह युद्ध को लंबा खींच रहे हैं। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब जेलेंस्की ने शांति योजना के तहत क्रीमिया को रूस को सौंपने से इनकार कर दिया है। जेलेंस्की ने लंदन में बुधवार को अमेरिका, यूरोपीय और यूक्रेनी अधिकारियों के बीच होने वाली उच्च स्तरीय वार्ता से पहले किसी भी समझौते के तहत यूक्रेन द्वारा रूस को क्षेत्र सौंपे जाने के विचार को खारिज कर दिया था।

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि इस बारे में कोई बात नहीं होगी। यह हमारी भूमि है, यूक्रेनी लोगों की भूमि है। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा- जेलेंस्की का यह बयान रूस के साथ शांति वार्ता के लिए बहुत हानिकारक है, क्योंकि क्रीमिया को वर्षों पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में गंवा दिया गया था, और यह चर्चा का विषय भी नहीं है। रूस ने यूक्रेन पर बुधवार रात बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए जिनमें 9 लोगों की मौत हो गई और छह बच्चों समेत 63 अन्य लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के अधिकारियों ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट में बताया गया है कि रूस ने कीव पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। शहर के सैन्य प्रशासन के प्रमुख ने बताया कि इन हमलों के कारण कई आवासीय इमारतों में आग लगने की सूचना है।

# ट्रंप प्रशासन की शुल्क नीति के खिलाफ अमेरिका के 12 राज्यों में चलेगा मुकदमा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 12 राज्यों ने देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन की शुल्क नीति को अवैध बताते हुए इसके खिलाफ मुकदमा दायर किया गया है। याचिका में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप की इस नीति ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अराजकता पैदा कर दी है। मुकदमे में ट्रंप की इस दलील को चुनौती दी गई है कि वह अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम के तहत मनमाने ढंग से शुल्क लगा सकते हैं। राज्यों ने कोर्ट से इस नीति को अवैध घोषित करने और इसे लागू करने से सरकारी एजेंसियों एवं उनके अधिकारियों को रोकने का अनुरोध किया है। कोर्ट में मुकदमा दायर करने वाले राज्यों में ओरेगन, एरिजोना, कोलोराडो, कनेक्टिकट, डेलावेयर, इलिनोइस, मेन, मिनेसोटा, नेवादा, न्यू मेक्सिको, न्यूयॉर्क और वर्मोंट शामिल हैं। एरिजोना की अटॉर्नी जनरल क्रिस मेयस ने इस नीति को ''पागलपन'' करार देते हुए कहा कि यह न केवल आर्थिक रूप से नुकसानदेह है, बल्कि अवैध भी है।

## आज का इतिहास 25 अप्रैल

1707 ब्रिटिश फौजों को अलमांजा 'स्पेन' में हार का सामना करना पड़ा.
1874 इतावली आविष्कारक जी. मार्कोनी का जन्म हुआ था.
1887 पेरिस, फ्रांस में ऑपेरा में आग लगने से 200 लोगों की मृत्यु.
1905 ट्रांसवाल में नया संविधान लागू हुआ.
1954 सनफ्रांसिस्को में 45 देशों की बैठक में राष्ट्रसंघ के गठन के बारे में विचार-विमर्श किया गया.
1957 जार्डन में शाह हुसैन मार्शल ला लागू किया.
1971 सोवियत अंतरिक्ष केंद्र से जुड़ने के बाद अंतरिक्ष यान सुरक्षित लौटा.
1982 दिल्ली से दूरदर्शन पर रंगीन प्रसारण शुरू हुआ.
1987 श्रीलंका सरकार ने तमिल विद्रोहियों के खिलाफ दो तरफा जबाबी कारवाई की.
1988 अफगानिस्तान ने पाकिस्तानी सीमा चौकी से अपने सैनिक हटाने की पेशकश की.
1991 सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी ने मिखाइल गोवाच्योव को पुनः नेता बनाए रखने का फैसला किया.
1994 सुतोमु हाता जापान के राष्ट्रपति चुने गये.
2004 नौसेना का जहाज आइ.एन.एस. तरंगिणी 18 देशों के 37 बंदरगाहों का 33 हजार मील का सफर कर अपने बेस पर लौटा.

## प्रसंगतः सबसे बड़ा सुख

राजा विक्रमादित्य के राज्य में एक सदाचारी, नेक और ईमानदार पुजारी रहता था। वह बहुत ही निर्धन था। एक दिन वह धन-प्राप्ति के उद्देश्य से अपने घर से निकल पड़ा। रास्ते में उसकी मुलाकात एक पहुंचे हुए महात्मा से हुई। पुजारी से बातें करने के बाद महात्मा समझ गए कि यह नेक, ईमानदार व गुणवान है। उन्हीं दिनों विक्रमादित्य अपना राज्य किसी योग्य व्यक्ति को सौंप कर महात्मा के संसर्ग में रहकर शांति से अपना शेष जीवन गुजारना चाहते थे। उन्होंने महात्मा को यह बात बताई हुई थी। महात्मा पुजारी को अपने साथ राजा के पास ले गए और उन्हें सारी बात बताई। महात्मा से पुजारी के बारे में जानकर विक्रमादित्य उसे राज्य सौंपने को तैयार हो गए। पुजारी ने सोचा कि यदि राजा विक्रमादित्य जैसा प्रतापी शासक अपना सब कुछ सौंपकर महात्मा जी के साथ जाना चाहता है, तो इसका अर्थ यह है कि शायद महात्मा के संसर्ग में राज-सुख से भी अधिक सुख प्राप्त होता होगा। वह राजा से बोला, 'महाराज, मैं भला एक मामूली सा व्यक्ति इतना बड़ा राजपाट कैसे संभालूंगा। मुझे तो इसका बिल्कुल भी अनुभव नहीं है। इसके योग्य तो आप ही हैं।' फिर वह महात्मा के पास जाकर बोला, 'गुरुजी, राजा तो राज्य त्यागकर आपके पास आने के लिए उत्सुक हैं। इससे तो यही जान पड़ता है कि इस दुनिया में राज-सुख से भी बड़ा कोई सुख है। मुझे तो आप अपनी शरण में ले लीजिए।' पुजारी की बात सुनकर महात्मा मुस्कराते हुए बोले, 'तुमने ठीक पहचाना। इस दुनिया में राज-सुख से भी बड़ा सुख है शांति से सभी दुर्गुणों पर विजय पाकर सबकी सेवा का संकल्प। इससे स्वतः ही व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।' महात्मा का जवाब सुनकर वह पुजारी उन्हीं के साथ रहकर लोगों की सेवा में अपना जीवन बिताने लगा और कुछ ही दिनों में उसे अहसास हो गया कि उससे अधिक प्रसन्न और संतुष्ट राजा भी नहीं हैं क्योंकि अब उसके पास कोई चिंता नहीं थी।

## दैनिक पंचांग

**25 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.41 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मिथुन | 08.39 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 10.52 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.08 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 15.20 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.31 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.46 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 22.02 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 00.07 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | कुंभ | 01.53 बजे से |
| | | मीन | 03.26 बजे से |
| | | मेष | 04.57 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 115 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 11.45 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 08.54 बजे को समाप्त। **योग** इन्द्र 12.31 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 11.45 बजे तदनन्तर गर 22.10 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 12'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872325
**जूलियन दिन** 2460790.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 26
**विशेष** प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि द्वादशी/ त्रियोदशी, शुक्रवासरे, उत्तरा भाद्र पद नक्षत्रे, ऐन्द्र योगे, तैतिल करणे, मीन की चंद्रमा भद्रा 59/57, प्रदोष व्रत 13 व्रत, मूल प्रारंभ रात्रि 3/51 जातकर्म, नामाकरण, अन्नप्रासन्न, सूती स्नान तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, दार्शनिक, जिद्दी-हठी, शिक्षक-शिक्षाविद्, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिंसपल, ठेकेदार, इंजीनियर, धनी-मानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, सुखी होगा।




**मेष राशि:** राजभय, कष्ट, व्यापार बाधा, शुभ समाचार से प्रसन्नता, मित्र सहयोग करेंगे।
**वृष राशि:** प्राय- रोग, शुभ समाचार की प्राप्ति, स्वजन से लाभ, दाम्पत्य जीवन में असमंजस।
**मिथुन राशि:** वाहनभय, मातृ-पितृ कष्ट, हानि, व्यर्थ अनाप-शनाप खर्च से परेशानी ब?गी।
**कर्क राशि:** सफलता, उन्नति, शुभ कार्य, विवाद, उद्योग विवाद, समय का ध्यान रखें।
**सिंह राशि:** खर्च, विवाद, स्त्री-कष्ट, विद्या लाभ, कुछ अच्छे कार्य होंगे, संतान सुख।
**कन्या राशि:** शरीर कष्ट, उत्तम व्यय, सफलता, व्यवसाय में बाधा, लाभ हो सकता है।
**तुला राशि:** यात्रा से हानि, राजभय, लाभ, शरीर कष्ट, व्यापार में सुधार, प्रगति की संभावना है।
**वृश्चिक राशि:** कार्यवृत्ति से लाभ, यात्रा से संपत्ति का लाभ, कारोबार में उत्साह, कार्य बनेंगे।
**धनु राशि:** अल्प लाभ, शरीर कष्ट, चोटादि का भय, शिक्षा का लाभ तथा उन्नति होगी।
**मकर राशि:** शत्रु हानि, अपयश, शारीरिक सुख, उद्योग-व्यापार के लिये प्रयत्न करें।
**कुंभ राशि:** शुभ संतान, सुख कार्य में सफलता, मित्रों से सुख अवश्य होगा।
**मीन राशि:** पदोन्नति, राजभय, न्याय लाभ, जीवन संतोषप्रद हो, क्रियाकलाप होंगे।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# अगर पाकिस्तान करेगा शिमला समझौता रद्द तो भारत को मिलेगा रणनीतिक लाभ

## पीएम शहबाज ने बुलाई राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की आपात बैठक, लग रहीं अटकलें

**इस्लामाबाद।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच कूटनीतिक तनाव फिर चरम पर पहुंच गया है। भारत ने सिंधु जल समझौते को निलंबित करने, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा छूट योजना रद्द करने और दिल्ली स्थित पाक उच्चायोग के सैन्य सलाहकारों को निष्कासित करने जैसे सख्त कदमों के बाद अब पाकिस्तान की तरफ से शिमला समझौता रद्द करने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

मीडिया के मुताबिक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की आपात बैठक बुलाई, जिसमें इस ऐतिहासिक समझौते से हटने पर विचार किया जा सकता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत के कदमों को एकतरफा और उकसावेपूर्ण करार देते हुए इसका जवाब देने की बात कही है।

1971 के युद्ध के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच शांति स्थापना के लिए 1972 में शिमला समझौता हुआ था। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच विवादों को केवल द्विपक्षीय वार्ता के जरिए से सुलझाना था। इस समझौते ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) की अवधारणा को मान्यता दी और अंतरराष्ट्रीय मंचों से कश्मीर मुद्दे को हटाकर भारत को रणनीतिक बढ़त दी। यदि पाकिस्तान इस समझौते को रद्द करता है, तो भारत इसे पाकिस्तान की कूटनीतिक अस्थिरता और गैर-जिम्मेदाराना रवैये के रूप में प्रचारित कर सकता है। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की छवि को नुकसान पहुंचेगा और भारत को कश्मीर को आंतरिक मुद्दा बताकर कठोर रणनीति अपनाने की छूट मिल सकती है।

इसके अलावा एलओसी की वैधता पर सवाल उठाने से भारत पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में अपने प्रभाव को बढ़ाने की कोशिश कर सकता है। शिमला समझौता पाकिस्तान की एकमात्र वैधता का प्रतीक है जो उसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर संयमित दिखाता है।

# भारत ने हमला किया जो एकजुट हो जाएंगे पाकिस्तान के सभी दल

**इस्लामाबाद।** पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान काफी डरा हुआ है उसे लग रहा है कि भारत हमला कर सकता है। पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन मुल्क ने कहा है कि अगर भारत हमला करने की कोशिश करता है, तो राजनीतिक दलों को एकजुट होना चाहिए। रिपोर्ट्स के अनुसार, हुसैन ने लिखा, पाकिस्तान राजनीतिक रूप से बंटा हुआ है, लेकिन एक राष्ट्र के तौर पर हम एक साथ खड़े हैं। अगर भारत की तरफ से धमकी दी जाती है या हमला किया जाता है, तो सभी ग्रुप पीएमएल-एन, पीपीपी, पीटीआई, जेयूआई और अन्य हमारे मुल्क की सुरक्षा के लिए पाकिस्तान झंडे के तहत एकसाथ आगे बढ़ेंगे। इससे पहले इधर भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीडीएस अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख और सेना के मिलिट्री ऑपरेशन के महानिदेशक के साथ बैठक की। सूत्रों ने बताया, बैठक में रक्षा मंत्री ने सैन्यबलों को आतंक के खिलाफ लड़ाई को तेज करने का निर्देश दिया है। बैठक में सैन्य अधिकारियों ने रक्षा मंत्री को बताया कि आतंकियों की तलाश में अतिरिक्त सैन्यबलों को तैनात किया गया है। इसके पहले फवाद ने कहा था, भारतीय कैबिनेट ने अपनी सुरक्षा बैठक पूरी कर ली है। उम्मीद करते हैं कि शांति बनी रहेगी और अधिकारी मीडिया के कारण पैदा हुए युद्धोन्माद के चलते लाखों लोगों की जान खतरे में नहीं डालेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम की 11वीं प्रस्तुति 1 मई को

**मैहर।** मां शारदा की पावन नगरी एवं संगीत संम्राट पद्म विभूषण बाबा अलाउद्दीन खाँ साहब की साधना स्थली मैहर में शास्त्रीय संगीत के उभरते हुये नवोदित कलाकारों को मंच देने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी के तत्वाधान में 11वीं प्रस्तुति 1 मई गुरुवार को शासकीय संगीत महाविद्यालय परिसर' में सायं 7 बजे से 9 बजे तक संपन्न होगी। शास्त्रीय संगीत के इस कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन, वादन एवं नृत्य के कलाकार अपनी प्रस्तुती दे सकेंगे। साथ में अटाला आर्ट के तहत घर की अनुपयोगी वस्तुओं से निर्मित कलाकृति की प्रदर्शनी भी शासकीय संगीत कॉलेज परिसर' में लगाई जाएगी। कलाकार अपने आवेदन बायोडाटा के साथ दिनांक 25 अप्रैल तक संगीत महाविद्यालय मैहर में प्रभारी अनिल कुमार जायसवाल' सहायक व्याख्याता के पास जमा कर सकते हैं। जिन कलाकारों की प्रस्तुतियां हो चुकी हैं वह 1 वर्ष के पश्चात ही आवेदन करने के पात्र होंगे। मैहर घराने को जीवंत बनाने एवं विद्या की देवी माँ शारदा की नगरी को संगीत मय बनाने हेतु उक्त शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक माह की 01 तारीख को किया जा रहा है। शास्त्रीय संगीत के इस नियमित मासिक कार्यक्रम के अवसर पर नवोदित कलाकारों के उत्साह वर्धन हेतु कलाप्रेमी रसिक जन इष्ट मित्रों के साथ आमंत्रित किया गया है।

### जल संवर्धन पर उत्कृष्ट विद्यालय मैं आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**दमोह।** जल संरक्षण एवं जल संवर्धन विषय के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में आज विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं जल जल संरक्षण का महत्व बताने के उद्देश्य से विद्यालय के छात्रों द्वारा विविध प्रतियोगिताओ जैसे पोस्टर मेकिंग ,रंगोली एवं निबंध लेखन मैं पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। विद्यालय के प्राचार्य आर पी पटेल द्वारा सर्वप्रथम छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं दैनिक जीवन में जल का महत्व , जल एवं जल के संसाधनों का सुनियोजित उपयोग करने विषय के ऊपर व्याख्यान दिया,एवं एवं पर्यावरण का जीवन मैं महत्व से अवगत कराया। ज्ञात हो की की 22 अप्रैल को भी विद्यालय के छात्रों द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराए गए थे। आज जल संरक्षण एवं जल संवर्धन विषय के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर मेकिंग, रंगोली एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया । पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान महक नामदेव द्वितीय स्थान मनोज विश्वकर्मा एवं तृतीय स्थान खुशबू चौरसिया ने प्राप्त किया। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वर्ष राज द्वितीय स्थान महक चौरसिया एवं तृतीय स्थान नैंसी पटेल ने प्राप्त किया।प्रतियोगिता में रैंक प्राप्त करने वाले छात्रों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम के दौरान समस्त स्टाप उपस्थित रहा।

### निजी विद्यालयों से सभी मापदण्डों का पालन कराएं- कलेक्टर सुश्री बाफना

**शाजापुर।** जिले में संचालित सभी निजी विद्यालयों से शासन द्वारा निर्धारित सभी मापदण्डों का पालन कराएं। मापदण्डों का पालन नही करने वाले विद्यालयों के विरूद्ध कार्रवाई करें। उक्त निर्देश कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने आज शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा के दौरान दिए।

कलेक्टर सुश्री बाफना ने डीपीसी एवं बीआरसी को निर्देश दिए कि वे सभी विद्यालयों का सूक्ष्मता के साथ निरीक्षण करें, जो विद्यालय मापदण्ड पूरे नहीं कर रहे हैं, ऐसे विद्यालयों के विरूद्ध कार्रवाई करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कोई भी निजी विद्यालय शासन की नीति के अनुसार 10 प्रतिशत से अधिक शुल्क में वृद्धि नहीं करें। कलेक्टर ने मोहन ब?ौदिया के बीआरसी का प्रभार शाजापुर बीआरसी को अतिरिक्त रूप से सौंपने एवं बिना अनुमति के बीआरसी का प्रभार बीएसी को देने पर कलेक्टर ने डीपीसी को कारण बताओं सूचना पत्र देने के भी निर्देश दिए।

बैठक में सीएम राइज विद्यालयों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने विद्यालयों के आसपास की शासकीय भूमि को छात्रावास एवं अन्य निर्माण कार्यो के लिए सुरक्षित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम राईज विद्यालयों में नामांकन ब?ाने के लिए सीएम राईज विद्यालय के 03 से 05 किलोमीटर परिधि के शासकीय विद्यालयों के बच्चों को प्रवेश देने की कार्यवाही करने के लिए कहा।

# सीवर लाइन बना जी का जंजाल, मंत्री विजयवर्गीय को सौंपा ज्ञापन



**मैहर।** मांता शारदा की नगरी मैहर इन दिनों विकास की आड़ में विनाश की ओर अग्रसर होती प्रतीत हो रही है। नगर की गलियों में धूल के गुबार, टूटे फुटपाथ, उखड़ी सड़कें और गड्ढों में समाते लोग ये दृश्य अब आम हो गए हैं। कारण है मैहर में चल रहा बहुप्रतीक्षित सीवर लाइन प्रोजेक्ट जो अब जनजीवन के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय गुरूवार को मैहर पहुंचे तब नगर पालिका की पेयजल एवं सिवेज की सभापति रामलली दुबे के मार्गदर्शन पर पवन दुबे ने स्वागत करने के साथ साथ एक करुणा पूर्ण याचना भी उनके समक्ष रखी। याचना में मैहर के नागरिकों की जान की सुरक्षा थी। सभापति द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि गुजरात की एलसी इंफ्रा कंपनी द्वारा चलाए जा रहे सीवर प्रोजेक्ट में सुरक्षा मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अब तक इस प्रोजेक्ट के चलते तीन मासूम नागरिकों की मौत हो चुकी है जिनमें एक 8 वर्षीय बालक, एक 36 वर्षीय युवक और एक 55 वर्षीय अधेड़ शामिल हैं। इसके अलावा सैकड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं और दर्जनों गोवंश अकाल मृत्यु को प्राप्त हुए हैं। मैहर की सांसें धूल में घुट रही है। सभापति ने इस बात पर भी चिंता जताई कि इस प्रोजेक्ट के कारण पूरे नगर में धूल का वातावरण फैला हुआ है जिससे श्वास नली के संक्रमण और अन्य बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। उन्होंने इसे मीठा जहर बताते हुए नागरिकों के स्वास्थ्य पर एक अदृश्य हमला बताया है। ज्ञापन में कहा है कि प्रोजेक्ट में इस्तेमाल की जा रही सामग्री बेहद घटिया है। सीसी रोड की गुणवत्ता नगण्य है, रीस्टोरेशन वर्क अधूरा और असंगत है। जिससे संदेह की सुई भ्रष्टाचार की ओर भी इशारा करती है।

# पहलगाम में पर्यटको पर हुये हमले में मारे गये लोगो को दी गयी श्रद्धांजली

**दमोह।** पहलगाम जम्मूकश्मीर में पर्यटको पर हुए आतंकी हमले में करीब 26 पर्यटक असमय काल के गाल में समा गये आतंकियो की इस कायराना हरकत से समूचे विश्व में शोक एवं आक्रोश का माहौल व्याप्त है जहाँ तमाम सारी केन्द्रीय एजेंसियो को आतंकी समूह के खात्मे के लिए आगाह कर दिया गया है एवं ऐसी घटना की पुर्नरावृत्ति न हो संबंध में भारत सरकार द्वारा निर्देश जारी कर दिये है। इस संबंध में एक सकुर्लर जारी कर माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के द्वारा सभी अधीनस्थ न्यायालयो को पहलगाम आतंकी हमले में मृत हुये परिजनो के प्रति संवेदना प्रकट करने शोक सभा व दो मिनिट मौन धारण करने निर्देशित किये जाने के तारतम्य में जिला न्यायालय दमोह सहित में प्रधान न्यायाधीश श्री पी.सी. गुप्ता के मार्गदर्शन में समस्त न्यायाधीक्षगण जिला अधिवक्ता संघ दमोह के अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष सुरेश खत्री एवं सचिव सुधीर पांडे द्वारा समस्त अधिवक्ताओ उपस्थिति में शोक सभा में दो मिनिट मौन धारण कर पहलगाम आतंकी हमले शहीद एवं हताहत हुये व्यक्तियो के प्रति श्रद्धांजली अर्पित की उक्त शोक सभा में वरिष्ट अधिवक्ता सुरेश मेहता, भगवती श्रीवास्तव, गजेन्द्र चौबे, पंकज खरे, जलज हर्ष श्रीवास्तव शासकीय अधिवक्ता मुकेश जैन, राजीव सिंह ठाकुर सहित संघ के सभी अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# आतंकी सरगनाओ की कायनारा हरकत शर्मनाकः रतनचंद जैन



**दमोह।** पहलगाम में आतंकियो द्वारा कायराना हरकत करके निर्दोष 28 पर्यटको को उनके परिवार के सामने गोली मार दी गई उन आतंकियो को और उनके पीछे बैठे मास्टर माइंड आंतकियो को माकूल जबाव देने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बस स्टेण्ड चौराहे पर कांग्रेसजनों ने पुतला जलाकर आतंकवाद को खत्म करने अपना विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने हमारे देश के प्रधानमंत्री से मांग की है कि जिन आतंकवादियो ने कायराना हरकत करके निर्दोष पर्यटको को असमय मार दिया गया उनको तो ढुड़कर मारा जाये साथ ही पर्दे के पीछे से जो यह धृणित कराया जा रहा है उन्हें ऐसी सजा दी जाये कि उनकी रूहें भी काप जायें। संजय चौरसिया, तिलक सींग, राजेश तिवारी, लालचंद राय, रजनी ठाकुर, सुषमा विक्रम ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, आशीष पटेल, नितिन मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, पप्पू कसोटया, अफ्जल खान, शैलेन्द्र सिंह, कमला निषाद, शमीम कुरैशी, उवेद गौरी, डीपी पटेल, गोलू चौरसिया, रियाज खान, केके अग्रवाल ने भी पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए कहा कि मासूम बच्चो के सामने उनके पिता की हत्या करना कहा कि बहादुरी है हम सबकी माननीय पीएम से मांग है कि अभी हुक्का पानी तो बंद कर दिया है उनकी सर्जिकल स्ट्राइक की जायें। इस अवसर पर बसंत कुशवाहा, अमित नामदेव, अभिषेक डिम्हा, अलीम ठेकेदार, वीरेन्द्र चौबे, हेमराज पार्षद, संजय सेठ, एके चिश्ती, अमित बुधौल्या, गौरव राय, मानक अहिरवार, गोदीराम रैकवार, इनायत अली, जावेद खान सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही। शुक्रवार को आज अंबेडकर चौक से कैडिल मार्च प्रारंभ होकर घंटाघर तक कांग्रेसजन जायेगें।

# प्रदेश उपाध्यक्ष का जागेश्वर नाथ धाम में स्वागत वैशाख में की गौ सेवा



**दमोह।** प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर स्वागत श्री मति रमा अशोक अग्रवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त करने महिला महासभा दमोह द्वारा बांदकपुर जाकर स्वागत किया पहले जागेश्वर नाथ के दर्शन अभिशेक करके गौशाला जा कर गौ माता को चारा, खली, गुड़ खिलाया एवं वैशाख माह का पुण्य लाभ कमाया साथ ही सभी सदस्यों म. प्र अग्रवाल महासभा को पूर्ण मनोयोग से संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया इस कार्यक्रम में संभागीय उपाध्यक्ष अनुलेखा जिलाध्यक्ष तारामणि, जिलामंत्री अंजली अतुल, सहसचिव वंदना, अर्चना, ज्योति, मंजू ,गीता, शैल,अंजली अनंत,मंजुला, प्रमिला, सुमन ,साधना मोनिका प्रतिभा मेडम आशारानी सारा आशी खुशी अन्न अकर्ष रूही अनमोल आदि सहभागी रहे अंत में रमा अग्रवाल ने शीर्ष नेतृत्व का आभार धन्यवाद ज्ञापित किया साथ सभी बहिनों को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

# पूजा अर्चणा बाद निकलेगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा



**मैहर।** भगवान विष्णु के छठवें अवतार परशुराम का जन्मोत्सव बड़ा अखाड़ा में 30 अप्रैल बुधवार को सुबह 9 बजे पूजा अर्चणा के साथ मनाया जाएगा। इस संदर्भ में विप्रजनों की आवश्यक बैठक बड़ा अखाड़ा के पूज्य संत सीताबल्लभ शरण जू महाराज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया की पूजा अर्चना सुबह 9 बजे से लेकर 11 बजे तक होगी। तदुपरांत विप्र संगोष्ठी एवं सायं 5 बजे से भव्य शोभायात्रा बड़ा अखाड़ा से लेकर चंडीदेवी मंदिर तक निकाली जाएगी। वहां संतो एवं समाज सेवियों का सम्मान एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष देवेंद्र पांडेय, राजललन मिश्रा, विनय त्रिपाठी, विष्णुधर उरमलिया, पीएल द्विवेदी, मनोज तिवारी, भक्ति शर्मा, शशि मिश्रा, दिलीप त्रिपाठी, मनीष तिवारी, जितेंद्र पांडेय, पारसनाथ तिवारी, संदीप पांडेय, प्रभाकर मिश्रा, श्याम बाजपेयी, कैलाश द्विवेदी एवं पहलाद परौहा सहित काफी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे।

# पंचकल्याणक में तप कल्याण के दौरान भगवान की हुई दीक्षाएं



**दमोह।** घड़ी कह रही है समय पूरा हुआ, कल यहां भगवान का जन्म कल्याणक मनाया गया। कल सुमेरु पर्वत पर अभिषेक हुआ। संसार में सभी जन्म लेते है लेकिन ऐसी कोई संतान जो जगत का कल्याण करें। ऐसी माता तो स्वयं के कल्याण के साथ दूसरों का कल्याण करें वो 24 ही माताएं हुई हैं। भगवान के माता पिता नियम से मोक्ष जाते है। पिता उसी भव से मोक्ष जा सकता हैं तो माता दूसरे भव में मोक्ष जा सकती हैं। आचार्य मानतुंगचार्य ने भक्तामर में कहा हैं। सैकड़ों पुत्रों को जन्म देने वाली माता से अच्छी तीर्थंकर को जन्म देने वाली माता हैं। नारी अच्छे पुत्रों को जन्म देती हैं। इसलिए वह प्रशंसनीय हैं। पुण्य अर्जित करने का अवसर पंच कल्याणक में मिलता हैं। ऋषभदेव भगवान का दो कन्याओं से विवाह हुआ। रागी की क्रियाएं देखकर रागी प्रसन्न होते हैं। तीर्थंकर आदिनाथ ने अपने स्वयं की परीक्षा करने के लिए 2 शादियां की। भोग एवं त्याग में अंतर पाने के लिए उन्होंने विवाह किया। भगवान ने फिर दिगंबर दीक्षा लेकर सिद्ध शिला पर स्वयं को विराजमान किया। पंच कल्याणक में दूर दूर से भक्तों ने आकर धर्म लाभ लिया। यह बात परम पूज्य आचार्य उदार सागर जी महाराज ने मुनिसुव्रत तीर्थ पर आयोजित पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान कहीं।

भगवान की हुई दीक्षाएं- मुनिसुव्रत तीर्थ बांसा में पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान तीर्थंकर भगवान की दीक्षा महोत्सव का आयोजन किया गया। साथ ही तप कल्याण की क्रियाएं की गई। इस दौरान विधि विधान के साथ तीर्थंकर भगवान की प्रतिमाओं की दीक्षा देखने का अवसर भक्तजनों को प्राप्त हुआ।

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृत हुए सदस्यों की स्मृति में जिला कोर्ट में किया मौन धारण



**दमोह।** विगत दिनों पहलगाम जम्मू कश्मीर में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में करीब 26 पर्यटक असमय काल के गाल में समा गए आतंकियों की इस कायराना हरकत से समूचे विश्व मे शोक एवं गुस्से का माहौल व्याप्त है जहां तमाम सारी केंद्रीय एजेंसियों को आतंकी समूह के खात्मे के लिए आगाह कर दिया गया है व ऐसी घटना दोबारा न हो इस बारे में खासे इंतजाम किए जा रहे हैं इसी तारतम्य माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर ने कल एक सर्कुलर जारी कर उच्च न्यायालय एव सभी अधीनस्थ न्यायलयों को पहलगाम आतंकी हमले में मृत हुए परिजनों को संवेदना प्रकट करने शोकसभा व 02 मिनिट का मौन धारण करने निर्देशित किया था इस क्रम में हटा अतिरिक्त सत्र न्यायालय व पथरिया तहसील न्यायालय के अलावा दमोह न्यायालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। संघ के उपाध्यक्ष सुरेश खत्री व लीगल एड डिफेंस कॉउंसिल मनीष नगाइच ने बताया के उच्च न्यायालय के सर्कुलर के परिपालन में अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने संघ अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज की उपस्थित में एव न्यायालय परिवार ने प्रधान जिला न्यायाधीश श्री पी सी गुप्ता की मौजूदगी में शोकसभा में 02 मिनिट का मौन धारण कर पहलगाम आतंकी हमले में हताहत हुए परिवारों को श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश श्री मरावी प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री मो.अजहर के साथ समस्त न्यायाधीशगण जिला विधिक सहायता सचिव व न्याधीश ज्ञानेन्द्र शुक्ला व विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया लीगल एड डिफेंस कार्यालय, लिपिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दीपक सोनी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जितेंद यादव के साथ अधिवक्ता व कर्मचारियों की उपस्थिति रही। शोकसभा में छतरपुर जिले के प्रधान न्यायाधीश एवं न्यायाधीश संघ के अध्यक्ष की उपस्थिति रही।

# सिंग्रामपुर पुलिस घेरा बंदी कर पकडी 9 पेटी अबैध शराब




**दमोह।** सिंग्रामपुर पुलिस ने अवैध शराब गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु , श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के निर्देशन पर, श्रीमान एसडीओपी महोदय तेंदूखेड़ा के मार्गदर्शन पर श्रीमान थाना प्रभारी महोदय जबेरा चौकी सिंग्रामपुर पुलिस द्वारा आरोपी को ग्राम भैसा मै अनिल राय उर्फ अंटेश पिता राजेंद्र राय कोडरता पिपरिया जोकि अवैध रूप से शराब तेंदूखेड़ा से भैंस ऊपर पहाड रास्ते काले कलर की स्कॉर्पियो से सिंग्रामपुर ला रहा था मुखबिर की सूचना के बाद सिंग्रामपुर चोकी प्रभारी आलोक तिरपुडे ने थाना जबेरा सिंग्रामपुर की संयुक्त टीम के द्वारा टीम के साथ दबिश देकर आरोपी विरूद्ध 34 (2) 42 आब. एक्ट की कार्रवाई की गई जिसमें 44 हजार 800रुपए की शराब जब्त की गई

पुलिस को अबैध शराब पर बडी सफलता प्राप्त हुई है इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी आलोक तिरपुड़े, उप निरीक्षक गणेश दुबे प्रधान आरक्षक सतीश प्रधान आरक्षक जालम, प्रधान आरक्षक नारायण सिंह, आरक्षक राम मनोहर, दिलीप, सैनिक शिव विश्वकर्मा एनआरएस गुलाब धर्मेंद्र के साथ कि महत्वपूर्ण की महत्वपूर्ण भूमिका रही वहीं पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश करने लग गई है।

### प्रभारी मंत्री श्री कुशवाह 25 अप्रैल को शाजापुर के भ्रमण पर रहेंगे

**शाजापुर।** प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री तथा जिला प्रभारी श्री नारायन सिंह कुशवाह 25 अप्रैल 2025 को शाजापुर जिले के भ्रमण पर रहेंगे। दौरा कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री श्री कुशवाह 25 अप्रैल 2025 को प्रात 8.30 बजे भोपाल से प्रस्थान कर प्रात 11.00 बजे शाजापुर जिले की जनपद पंचायत मो.ब?ौदिया के ग्राम कुम्हारियाखास स्थित मनकामनेश्वर मंदिर प्रांगण में हो रहे विशाल आदर्श भिलाला समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित होगे। इसके उपरांत वे दोपहर 12.00 बजे तहसील मोहन बडोदिया अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अंतर्गत चल रहे कार्यो का अवलोकन करेंगे।

# लहसुन पर किसानों से 6 प्रतिशत अतिरिक्त पैसा नहीं लेंगे व्यापारी बैठक में हुआ निर्णय



**दमोह।** मंडी में कलेक्टर महोदय को किसान मोर्चा के पदाधिकारीयों ने शिकायत की थी की सब्जी मंडी में व्यापारियों अंतड़ियां द्वारा किसानों से अवैध रूप से 6 प्रतिशत राशि ली जाती है जिस पर कलेक्टर महोदय ने तत्काल निर्देश जारी करते हुए मंडी प्रशासक को इस समस्या का निराकरण करने के लिए कहा गया था। जिस पर एसडीएम महोदय दमोह की अध्यक्षता में आज मंडी में लहसुन व्यापारियों, मंडी कर्मचारी ,किसानों, ठरचकिसान मोर्चा के पदाधिकारीयो के साथ बैठक हुई जिसमें यह तय किया गया की सब्जी मंडी में(1) जो लहसुन खरीदी पर व्यापारि , अंतड़ियां किसान से 6 प्रतिशत राशि अवैधानिक रूप से वसूल करते थें उसे आज से तत्काल बंद किया गया साथ ही (2)जिन व्यापारियों का माल सब्जी मंडी के सेट पर रखा हुआ है उनको 07 दिन मे खाली कराया जाए जिस पर सहमति हुई है और(3)मंडी में जो सब्जी व्यापारियों को जगह अलर्ट की गई है उनको वहां पर व्यवस्थित रूप से बैठाया जाएगा (4)किसान की लहसुन फसल की डाक मंडी के सेट पर होगी (5) किसान को कोई भी अतिरिक्त पैसा ना व्यापारी को, ना ही अंतड़ियां को देना पड़ेगा। बैठक में मुख्य रूप से मंडी प्रशासन अनुविभागीय अधिकारी श्रीमान बागरी साहब, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री एड.हरिश्चंद्र पटेल गुड्डू ,व्यापारी संघ के अध्यक्ष नरेंद्र बाजाज जी, हम्मलपल्लेदार,अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी,व बड़ी संख्या में किसान बंधुओं व सब्जी व्यापारियों की उपस्थिति रही।

» न्यूज कैप्सूल »

## सीएमराईज आरएनए स्कूल की उप प्राचार्य अल्पना श्रीवास्तव का निधन



**पिपरिया।** नगर के शासकीय सीएमराईज आरएनए स्कूल की उप प्राचार्या का गंभीर बीमारी के चलते भोपाल में गुरूवार को निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी लगते ही शिक्षाजगत में शोक की लहर व्यापत हो गई। सीएम राईज स्कूल के प्राचार्य ने उनके निधन पर शोक संवेदनाए जाहिर करते हुए कहा कि वह बेहद सौम्य व्यवहार की धनी,शिक्षकों,विद्यार्थियों और जन सामान्य में भी वह बहुत शालीनता से बर्ताव करतींथी। कभी कोई उनके व्यवहार से व्यथित नहीं होता। उनका भोपाल में दोपहर 2.30 बजे दुखद निधन हो गया। जिनकी अंत्येष्टि शुक्रवार को सुबह 10 बजे भोपाल में होगी।

## कायराना हमले पर कटनी में रोष

### दिवंगतों को सर्वत्र श्रद्धाजंलि, पीरबाबा उर्स स्थगित



**कटनी।** जम्मू कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 से ज्यादा निर्दोष नागरिकों की हत्या किए जाने के बाद पूरे देश में शोक और आक्रोश है। इस नरसंहार की घटना की सभी धर्मावलंबियों के साथ तमाम सामाजिक राजनैतिक संगठनों ने निंदा की है। इस घटना के बाद कटनी में भी शोक का माहौल है। इस दुःखद घटना के बाद पीरबाबा उर्स के सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए है। निवार नदी के तट पर सैकड़ों साल पुरानी पीरबाबा की दरगाह है और सामने राम दरबार, शिव परिवार और हनुमान जी का मंदिर है। मजहबी धर्मिक कार्यक्रमों के दौरान दरगाह सहित पूरे मंदिर परिसर में अनोखी साज सज्जा भी की जाती है। उर्स की सभी तैयारियां पूर्ण कर उर्स का आगाज हो चुका था। आतंकी घटना के बाद पीरबाबा ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष तनवीर खान तन्नू, उर्स आयोजन प्रभारी राजेन्द्र दुबे ने घटना निंदा करते हुए उर्स को स्थगित कर दिया और पीरबाबा दरगाह में श्रद्धाजलि सभा आयोजित दिवंगतों को कैंडिल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर हरत इत्र शाह दाता चिश्ती र.आ. पीरबाबा के गद्दी नशीन हजरत सैय्यद फहीम साहब के साथ ट्रस्ट व उर्स कमेटी ने दरगाह में अमन शांति की दुआ के साथ पहलगाम में हलाक हुए शहीदों को दिली खिराजे अकीदत पेश की गई। घटना के बादद हजरत इत्रशाह दाता के उर्स पाक के तमाम प्रोग्राम उर्स की आगामी तारीख तक के लिए मुल्तवी कर दिये गये हैं। इस दौरान मारूफ अहमद हनफी, तनवीर खान, राजेन्द्र दुबे, रवि श्रीवास्तव, अवकाश जायसवाल, इकबाल मंसूरी, अनवर नियाजी, नाजिम खान, इरफान खान हिफी, शफीक भाई, मुफीद कुरैशी, साजिद सौदागर, हबीब भाई, अज्जू मनिहार, सोनू कुरैसी, मोइन भाई, मुहिद खान, फिरोज खान, आमिर खान आदि की उपस्थिति रही। पूर्व विधायक सुनील मिश्रा ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पीरबाबा उर्स कमेटी ने पीर बाबा उर्स को स्थगित करके जो संवेदनशीलता दिखाई है, उसकी ह्दय से प्रशंसा करता हूं। कटनी की समरसता का उदाहरण अनुकरणीय है।

## शिक्षकों के लिए किया जा रहा मानसिक प्रताड़ति ! शिवसेना ने डीईओ को सौपा ज्ञापन

**सागर।** सरकार की दो बच्चों की नीति 2001 नियम का दुरुपयोग के खिलाफ शिवसेना ने जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन को ज्ञापन सौपा शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह ने कहा सरकार की दो बच्चों वाली नीति का कुछ लोग निजी स्वार्थ के लिए दुरुपयोग कर रहे हैं तो कुछ लोग अपनी आपसी रंजिश शिक्षकों से भुना रहे रहे फर्जी कागजों के आधार पर शिकायत करने की धमकी दी जाती है और उनसे मोटी रकम मांग कर ब्लैकमेलिंग की जा रही है जिसे शिक्षक मानसिक रूप से प्रताड़ति हो रहे हैं और शिक्षक विद्यालयो मैं छात्रों को अच्छी शिक्षा प्रदान नहीं कर पाते और परिणाम खराब होते हैं शिवसेना जिला प्रमुख दीपक सिंह लोधी ने कहा कि सरकार की दो बच्चों की नीति शासकीय कर्मचारी के लिए जी का जंजाल बन चुकी है जिसमें अब संशोधन की आवश्यकता है दो बच्चों की जगह तीन बच्चों नीति लागू करना चाहिए जिसे उक्त नियम के दुरुपयोग मे कुछ हद तक लगाम लगेगी शिवसेना उपराज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा सरकार की दो बच्चों की नीति से हिंदुओं की जनसंख्या में भी कमी का मुख्य कारण है इसके खिलाफ शिवसेना मुख्यमंत्री मोहन यादव को दो बच्चों की नीति में संशोधन की मांग को लेकर ज्ञापन सौपेगी ज्ञापन देने वालों में पंकज दुबे आशुतोष तिवारी मयंक रजक अजय बुंदेला विपिन गन्धर्व शरद दुबे शिवम गंधर्व सतीश अवस्थी श्याम नरेश यादव सचिन जैन गौरव बडकुल अजीत जैन उपस्थित।

## कटनी होकर गुजरेगी धनबाद-एलटीटी स्पेशल ट्रेन

**कटनी।** समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से धनबाद. एलटीटी. धनबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराए पर 10-10 ट्रिप रेल प्रशासन द्वारा चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में वातानुकूलित श्रेणी के द्वितीय, तृतीत एवं इकोनॉमी कोच रहेंगे। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के बरगवां, ब्यौहारी, कटनी साऊथ, मदनमहलए पिपरिया एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 03379 धनबाद- एलटीटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 22 अप्रेल से 24 जून तक प्रत्येक मंगलवार को धनबाद स्टेशन से रात 22.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सिंगरौली सुबह 7.30 बजे, बरगवां 8.50 बजे, ब्यौहारी 10.55 बजे, कटनी साऊथ दोपहर 13.5 बजे, मदनमहल दोपहर 14.40 बजे, पिपरिया 16.45 बजे, इटारसी 18.00 बजे पहुंचकर और तीसरे दिन गुरुवार सुबह 8.30 बजे एलटीटी स्टेशन पहुंचेगी।

# मां से झगड़ा करने को मना किया तो छोटे भाई ने बड़े भाई की कर दी हत्या





**पिपरिया।** नगर के पुरानी बस्ती में बीती रात रिश्तो को शर्मसार करती एक घटना घटित हुई। जिसमें अपनी मां से झगड़ा करने से मना करना बड़े भाई को भारी पड़ गया। छोटे भाई ने बड़े भाई के सीने में चाकू घोंपकर कर उसकी हत्या कर दी। बीती रात करीब 11.30 बजे पुरानी बस्ती में आरोपी छोटा भाई महेश केवट अपनी मां से झगड़ा करते हुए गालियां दे रहा था। इस दौरान उसके बड़े भाई देवकीनंदन केवट ने उसे समझाते हुए कहा कि भाई तू मां को गाली क्यों दे रहा है। इसी बात को लेकर महेश ने अपने बड़े भाई देवकीनंदन के ऊपर हमला कर दिया और उसके सीने में चाकू से बार कर घायल कर दिया। जिससे वह घायल हो गया उसे परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने देवकीनंदन को मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी लगते ही मंगलवार थाना प्रभारी अपने बल के साथ मौके पर पहुंचा और जांच प्रारंभ कर दी। गुरुवार सुबह जिले से आईएफएसएल के अधिकारी ऋषिकेश यादव ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। वही शासकीय सिविल अस्पताल में मृतक का पीएम करा कर शब परिजनों को सौंप दिया गया।

### 24 घंटे में मंगलवारा पुलिस ने आरोपी को पासा नदी के पास से गिरफ्तार किया

मामले में मंगलवारा पुलिस ने फरियादी अंजू केवट पति मदनलाल केवट 45 साल निवासी पुरानी बस्ती गांधी वार्ड की सूचना पर आरोपी महेश केवट पिता कन्छेदीलाल केवट 33 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती गांधी वार्ड ने अपने सगे भाई देवकीनंदन पिता कन्छेदीलाल केवट 43 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती गांधी वार्ड से लडाई झगडा कर धारदार चाकू से उसकी हत्या कर दी एवं मृतक देवकीनंदन केवट को परिजन सीएचसी पिपरिया ले गये है। जिसकी सूचना पर थाने आरोपी के खिलाफ धारा 103(1),296 बीएनएस का मामला दर्ज किया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ गुरकरन सिंह ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम आशुतोष मिश्र एवं एसडीओपी मोहित कुमार यादव ने प्रकरण की गंभीरता से लेते हुए विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी की तलाश कर शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना पिपरिया के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी महेश केवट की लगातार नगर के पुरानी बस्ती,रेल्वे स्टेशन,बस स्टैण्ड के आस पास आदि स्थानों पर तलाश की गई। तलाश के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी महेश केवट को पासा नदी के पास देखा गया है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही कर आरोपी महेश केवट पिता कन्छेदीलाल केवट 33 वर्ष को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गयी जिसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए घटना में प्रयुक्त लोहे का धारदार चाकू पासा नदी में झाडियों के पास छुपाना बताया। जिसे आरोपी के बताए अनुसार उक्त स्थान से जप्त कर आरोपी महेश केवट को मौके पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस टीम में गिरीश त्रिपाठी थाना प्रभारी, उनि राजेन्द्र सिंह कुशवाहा, सउनि गणेश राय, अफसर खान, मनोहर दायमा, रोहित यादव, आशीष मेश्राम, हेमंत पटेल, नीतेश दवंडे, अजमेर सिंह व चंद्रप्रकाश साहू की उल्लेखनीय भूमीका रही।

## अमृता मातृशक्ति सामाजिक संगठन ने नर्मदा तट की साफ-सफाई कर दी श्रद्धांजलि



**पिपरिया।** अमृता मातृशक्ति सामाजिक संगठन ने नगर के नजदीकी स्थित ग्राम सांडिया के नर्मदा तट पर स्वच्छता अभियान चलाया। संगठन के द्वारा मां नर्मदा की स्वच्छता अभियान का पहला चरण नर्मदास तट पर पूर्ण हुआ। इस पुण्य कार्य में सम्मिलित हुई सभी महिलाओं ने अपना योगदान दिया। अभियान में सर्व प्रथम मां नर्मदा की पूजा अर्चना कर जयकारे लगाए गए जिससे की सम्पूर्ण घाट गूंज उठा। तत्पश्चात महिलाओं ने साथ मिलकर घाट को स्वच्छ किया एवं वहां उपस्थित श्रद्धालुओं को स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद सभी ने साथ मिलकर पहलगाम आतंकी हमलों में शहीद लोगो को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। फिर सभी माता बहनों ने सीता राम मंदिर में भोजन प्रसादी ग्रहण की एवं अंत में मां नर्मदा के भजनों के साथ अभियान का समापन किया। इस सामाजिक एवं धार्मिक कार्य में मुख्य रूप से उपस्थित रही वरिष्ठ समाजसेविका आरती अर्जुन पलिया,नर्मदापुरम से नर्मदा बचाओ आंदोलन की मुख्य कार्यकर्ता गीता मीणा अपने समस्त सहयोगी संगठन के साथ उपस्थित रही। वही मंजू जोशी, मंजुल दुबे, सबिता रघुवंशी, संगीता दुबे, रोशनी ठाकुर, रश्मि पुरोहित, कपूरी रघुवंशी, आशा उपाध्याय, शशि रावत, कोमल चौधरी, सुमन दुबे, मीरा यादव, सोनम रावत, हर्षा दुबे, रमा शर्मा, दिव्या दुब, प्रीति बेलवंशी, रामदेवी तिवारी, कृष्णा रैकवॉर, शीतल पचौरी, ज्योति ठाकुर, कु शिखा ठाकुर सहित अन्य सभी अमृता मातृशक्ति सामाजिक संगठन की बहने उपस्थित रही।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य व रोजगार एवं कौशल विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा आज सागर प्रवास पर

### भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आयोजित जिला स्तरीय संगोष्ठी को करेंगे संबोधित



**सागर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य व रोजगार एवं कौशल विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा आज 25 अप्रैल शुक्रवार को सागर प्रवास पर रहेंगे। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया की सागर प्रवास के दौरान अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य व रोजगार एवं कौशल विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में धर्म श्री स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में शाम 04 बजे से आयोजित जिला स्तरीय संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने विभिन्न समितियों का गठन कर कार्यकर्ताओं जिम्मेदारियां सौपीं कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि गण,पदाधिकारी,कार्यकर्ता,एवं जिले के प्रबुद्ध जन शामिल होंगे।

# महापौर के प्रयासों से कटाए घाट सुरम्य पार्क स्विमिंग पूल नागरिकों के लिए पुनः प्रारंभ

### नियम एवं शर्तो का पालन करना होगा अनिवार्य

### प्रातः 6 बजे से 11 बजे तक एवं शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक दो पालियों में सशुल्क ले सकेंगे स्विमिंग पूल का आनंद



**कटनी।** नगर के कटाएघाट सुरम्य पार्क स्थित स्विमिंग पूल का गुरुवार को निगम के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में भव्य शुभारंभ किया जाकर गर्मी में राहत प्रदान करने हेतु नागरिकों की सुविधा के लिए सौंपा गया। नागरिक गण निर्धारित शुल्क जमा कर स्विमिंग पुल का आनंद प्रतिदिन दो पालियों में ले सकेंगे। स्विमिंग पूल पी.आर.आर इंटरप्राइजेज दिल्ली की एजेंसी द्वारा आवश्यक नियमों एवं शर्तो सहित सुरक्षा संबंधी संपूर्ण उपायों के साथ संचालित किया जाएगा।

स्विमिंग पूल के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉक्टर रमेश सोनी, गोविंद चावला, एडवोकेट सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद श्रीमति रेखा पाठक, शकुंतला सोनी, पूर्व पार्षद राजू माखीजा, विजय डब्बू रजक सहित निगम के राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर पाठक सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित नियुक्त एजेंसी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आवश्यक सुरक्षा मानकों का रखें विशेष ध्यानः महापौर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि जीवन में सबसे बड़ी माया, निरोगी काया है। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन के माध्यम से निरंतर पार्क विकास के कार्य किए जा रहे है। स्विमिंग पूल नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली की ओर प्रेरित करेगा। उन्होंने तैराकी को स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद बताते हुए इस सुविधा का लाभ उठाने का आह्वान किया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने इस अवसर पर अधिकारियों एवं संचालक एजेंसी के प्रतिनिधि को स्विमिंग पूल में जल गुणवत्ता नियंत्रण, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने और समस्त आवश्यक सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### समय निर्धारित

राजस्व अधिकारी ने स्विमिंग पूल में उपलब्ध सुविधाओं और कार्यप्रणाली का ब्यौरा देते हुए बताया कि स्विमिंग पूल के संचालन के लिए निगम प्रशासन द्वारा टेंडर आमंत्रित किए गए थे, जिसमे पी.आर.आर इन्टरप्राईजेस दिल्ली की एजेंसी को इसके संचालन हेतु कार्यादेश जारी किया गया है। इस स्विमिंग पूल का आनंद नागरिक गण प्रतिदिन दो पालियों में प्रातः 6 बजे से 11 बजे तक एवं शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक ले सकेंगे। तैराकी के लिए प्रति घंटे का समय निर्धारित किया गया है जिसमें 45 मिनट स्विमिंग के लिए तथा 15 मिनट चेंजिंग के लिए निर्धारित किया गया है।

### शुल्क निर्धारित

नागरिक गण 100 रूपये प्रति घंटे के हिसाब से स्विमिंग का आनंद ले सकेगे। इसके अलावा 2 हजार रूपये प्रतिमाह, तीन माह हेतु 5 हजार रूपये, 6 माह हेतु 8 हजार रूपये के साथ ही 1 हजार रूपये प्रतिमाह कोचिंग फीस निर्धारित की गई है।

### इन शर्तो का करना होगा पालन

स्विमिंग पूल के उपयोग के दौरान नागरिकों को आवश्यक नियम एवं शर्तो का पालन करना अनिवार्य होगा। जिसके तहत उपयोग के दौरान धूम्रपान, मदिरापान, तंबाकू आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। तैराकों को समुचित कस्टयूम्स पहनकर ही तैराकी करनी होगी तथा लंबे बाल वाले तैराकों को टोपी पहनना अनिवार्य होगा। महिला, पुरूष एवं बच्चों के लिए तैराकी का समय अलग अलग निर्धारित है। स्विमिंग पूल जंप करना वर्जित होगा। चर्म रोग, खांसी जुकाम से ग्रस्त व्यक्ति को तैरने की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही प्रभारी कोच, जीवन रक्षक द्वारा दिए गए सभी अनुदेशों का सख्ती से पालन करना अनिवार्य होगा।

# बरसात में जलभराव की स्थिति से निपटने हेतु नगर निगम ने शुरू की तैयारियां

### शहर के बड़े एवं छोटे नालों के पानी निकासी के संबंध में निगमायुक्त ने आहूत की आवश्यक बैठक



**कटनी।** आगामी वर्षा ऋतु में शहर में कही भी ऐसी जलभराव की स्थिति उत्पन्न ना हो जिससे जनहानि की संभावना हो,जिसको दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने गुरुवार 24 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की।

बैठक में श्री दुबे ने मुख्य रूप से जो प्लान बरसात के दौरान जलभराव होने की स्थिति में जलनिकासी के लिए बनाये जाते हैं उन्हें पूर्व से तैयार करते हुए शहर में छोटे एवं बड़े सभी नाली–नालों की पानी निकासी एवं सफ़ाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने शहर के सभी मुख्य बड़े नालों को क्लीयर किए जाने हेतु निविदा आमंत्रित किए जाने एवं छोटे नाली एवं नालों को ऊपर से नीचे तक सफ़ाई के माध्यम से क्लियर करने के निर्देश दिए है।

### जलभराव संभावित गलियों की सूची तैयार करें

बारिश के दौरान नगर निगम सीमांतर्गत ऐसी सभी छोटी संकीर्ण गली जिनमें पानी का भराव होना संभावित है, उन क्षेत्रों में स्थिति को नियंत्रित करने हेतु आयुक्त श्री दुबे ने सभी स्वच्छता निरीक्षकों को उनके क्षेत्र की ऐसी सभी संकीर्ण गलियों जिनमें जनभराव की संभावना अधिक हो को चिन्हित करते हुए सूची तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु कहा है।

### मेन रोड के बड़े नालों को जालियों से करें कवर

श्री दुबे ने शहर ऐसे सभी नाले जो मेन रोड पर हो एवं जहां किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने की संभावना अधिक हो उन पर जाली लगाने हेतु भी कहा है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### सड़ी–गली सब्जियों के निपटान हेतु चलायें विशेष अभियान

सड़ी–गली सब्जियों व फलों से होने वाली संक्रमण बीमारी के रोकथाम हेतु आयुक्त श्री दुबे ने स्वास्थ्य अमले को ऐसे सभी खराब फल सब्ज़ियों को नष्ट कराने एवं उनका विक्रय न किया जाये यह सुनिश्चित किए जाने हेतु एक विशेष अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए हैं।

# खाद्य मंत्री ने की चना, मसूर, सरसों और गेहूं के उपार्जन कार्य की समीक्षा



**सागर।** म.प्र. के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने गुरूवार को सागर जिले के खाद्य और कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ जिले में चल रहे चना, मसूर, सरसों और गेहूं उपार्जन कार्य की समीक्षा की। विगत दिनों जब पता चला कि सागर में खरीदी केन्द्रों पर बारदाना घट रहा है तो मंत्री राजपूत ने पहले तो अलग अलग जिलों से ट्रकों के माध्यम से बारदान सागर जिले के लिए मंगवाया साथ ही पश्चिम बंगाल से एक ट्रेन भर बारदाना (रैक) सागर जिले के लिए बुलवा लिया है। खाद्य मंत्री के इस प्रयास से जिले में बारदाने का स्थायी हल हो गया है। बैठक में मंत्री ने किसानों को हो रहे धीमे भुगतान को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों का भुगतान शीघ्र कराया जाए किसानों के भुगतान में विलम्ब के लिए जो अधिकारी कर्मचारी दोषी होंगे उनके लिए बक्शा नहीं जायेगा। खाद्य मंत्री ने जिला विपणन अधिकारी रोहित सिंह बघेल एवं जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम डिप्टी कलेक्टर जूही गर्ग को किसानों का भुगतान किसी भी हाल में उनकी उपज बिकने के सात दिन के अंदर करने के निर्देश दिए।

बैठक में जब खाद्य मंत्री ने भुगतान में विलम्ब का पता किया तो ज्ञात हुआ की चना, मसूर व सरसों में सर्वेयर की लापरवाही के कारण भुगतान में विलंब हो रहा है, वहीं गेहूं में ट्रांसपोर्टर की गलती और धीमी गति से परिवहन के कारण भुगतान में देरी हो रही है। मंत्री ने बेहद नाराजगी व्यक्त करते हुए जिम्मेदार सर्वेयर उपलब्ध कराने वाली कंपनी के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कराने के साथ ही लापरवाह परिवहनकर्ता को ब्लैकलिस्ट करने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये।

## पोर्टल में एलएससीएस डिलेवरी को सामान्य डिलेवरी दर्ज करने पर जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार को जारी हुआ नोटिस

**कटनी।** जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रार पोर्टल पर बिना दस्तावेजों की जांच किए एल.एस.सी.एस डिलेवरी के प्रकरणों को सामान्य डिलेवरी दर्ज करने की शिकायत की जांच उपरांत सही पाए जाने पर जिला रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) पवन कुमार अहिरवार ने कार्यवाही करते हुए नगर निगम के रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) को नोटिस जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने पर इनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी जिसके जिम्मेदार ये स्वयं होगें।

जारी नोटिस अनुसार आवेदक जियालाल केवट पिता रामकिशोर केवट निवासी मानपुर उमरिया ने अपने बेटे का नाम नितेश केवट के जन्म तिथि 11 जनवरी 2025 के माध्यम से रजिस्ट्रीकरण हेतु विलंब के शपथ पत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया।

## जगन्नाथ चौक से बरगवां तक निर्मित ब्रिज अब आचार्य विद्यासागर ब्रिज के नाम से जाना जाएगा

**कटनी।** नगर स्थित जगन्नाथ चौक से बरगवां डन कालोनी तक निर्मित ओवर ब्रिज अब आचार्य विद्यासागर ब्रिज के नाम से जाना जाएगा। इसी प्रकार चाका से पीरबाबा तक मुख्य मार्ग का नामकरण पंडित अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग के नाम पर किया गया है। जबकि निगम परिषद की 17 जनवरी 2025 को संपन्न बैठक में कटनी साउथ स्टेशन का नाम रंगनाथ धाम स्टेशन किए जाने की सर्वसम्मति से प्रदान की गई स्वीकृति के आधार पर निगमायुक्त नीलेश दुबे नें महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने का लेख किया गया है। आयुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा इस संबंध में सूचना भी जारी कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि निगम के जनप्रतिनिधियों द्वारा उक्त स्थलों का नामकरण किए जाने की मांग की गई थी। जिस पर 2 जुलाई 2024 को आयोजित निगम परिषद की बैठक में जगन्नाथ चौक से बरगवां डन कालोनी तक निर्मित ओवर ब्रिज अब आचार्य विद्यासागर ब्रिज और चाका से पीरबाबा तक मुख्य मार्ग का नामकरण पंडित अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग किये जानें की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान की गई है। परिषद बैठक में स्वीकृति प्रदान किये जाने के उपरांत आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा यह नामकरण संबंधी विधिवत सूचना जारी की गई है।

# भेल में आग से सैकड़ों पेड़-पौधे झुलसे







## ऑयल की टंकियों में ब्लास्ट, 15 किमी दूर से दिख रहा धुआं

**भोपाल।** भोपाल में भेल (भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड) के गेट नंबर 9 के पास कैंपस के अंदर वेस्ट मटेरियल में आग लग गई। बताया जा रहा है कि अंदर ऑयल की टंकियों में ब्लास्ट हुआ। हजारों पेड़-पौधे आग की चपेट में आ गए। 8 फायर ब्रिगेड और 4 टैंकरों के माध्यम से आग पर काबू पाया गया।

भेल कैंपस से उठा धुआं 15 किमी दूर से दिखाई दिया। आग की लपटें 20 फीट तक ऊंची उठती रही। किसी तरह के नुकसान की जानकारी से भेल के अफसर इनकार कर रहे हैं। सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) की टीम को भी तैनात किया गया। जिस जगह आग लगी, वह गेट नंबर 9 से करीब 200 मीटर दूर है। हालांकि फैक्ट्री उससे काफी दूर है, लेकिन अंदर भी हड़कंप की स्थिति है। आग लगने की सूचना मिलते ही कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, गोविंदपुरा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव समेत कई अफसर पहुंच गए। मंत्री विश्वास सारंग भी मौके पर मौजूद रहे। कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह ने बताया, गेट नंबर 1 और 9 की तरफ से आग बुझाई गई। भेल की चार फायर ब्रिगेड और नगर निगम की चार फायर ब्रिगेड लगातार आग बुझाती रही। इसके साथ ही चार टैंकर भी आए।

## ब्रीफ न्यूज

### मप्र आज और कल बारिश के आसार

**भोपाल में सड़क का डामर पिघला**

**भोपाल।** मप्र में गर्मी का प्रकोप जारी है। भोपाल में गर्मी का असर तेज है। इस वजह से सड़क का डामर भी पिघल रहा है। भीषण गर्मी के बीच मध्यप्रदेश में 26 और 27 अप्रैल को बारिश होने के आसार है। मौसम विभाग ने छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में बारिश होने का अनुमान जताया है। इससे पहले पूरे प्रदेश में लू का अलर्ट है। गुरुवार को 21 जिलों में हीट वेव यानी, लू चलेगी। इनमें ग्वालियर, मुरैना, भिंड, नीमच, मंदसौर, रतलाम, खंडवा, बुरहानपुर, नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, बालाघाट, उमरिया, सतना, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिले शामिल हैं। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर समेत अन्य जिलों में गर्मी का असर तेज रहेगा। यहां पारा 42 डिग्री के पार ही पहुंच सकता है।

### पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा

**आतंकियों के हौसले बढ़ाने में राहुल गांधी जिम्मेदारी**

**भोपाल।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देश में आक्रोश है। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती कहा कि आतंकवादियों के हौसले बढ़ाने के लिए राहुल गांधी जैसे वह सभी नेता जिम्मेदार हैं, जो धारा 370 को हटाए जाने का विरोध करते रहे।

पहलगाम की घटना पर पूर्व सीएम उमा भारती ने एक्स पर लिखा कि कश्मीर के पहलगाम में हुआ हमला राष्ट्रीय एकात्मकता के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। आतंकवादी कश्मीर प्रांत को भारत से अलग दिखाना चाहते हैं। कश्मीर भारत का अभिन्न राज्य है। शहीद हुए पर्यटकों की शहादत को नमन।

### आईटी और ईएसडीएम में निवेश का नया हब बन रहा मध्यप्रदेश

**इंदौर-भोपाल तकनीकी केंद्र के रूप में उभर रहे**

**भोपाल।** राज्य सरकार द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) के माध्यम से की जा रही योजनाबद्ध कोशिशों का असर साफ नजर आ रहा है। एमपीएसईडीसी के नेतृत्व में गठित निवेश संवर्धन टीम ने निजी निवेश को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंदौर में पंचशील रियल्टी द्वारा किए जा रहे 1,000 करोड़ रुपये के निवेश से 15,000 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की उम्मीद है। वहीं, आईआईटी इंदौर में 'दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन' की स्थापना की जा रही है, जो एक अत्याधुनिक इनक्यूबेशन सेंटर के रूप में कार्य करेगा और अनुसंधान तथा स्टार्टअप्स को बढ़ावा देगा।

राज्य की राजधानी भोपाल भी तकनीकी विकास की दिशा में पीछे नहीं है। यहां कंट्रोल-एस कंपनी ने 500 करोड़ रुपये का निवेश कर एक अत्याधुनिक डाटा सेंटर स्थापित करने की दिशा में पहल की है, जिससे प्रदेश की डिजिटल अवसंरचना को मजबूती मिलेगी। राज्य सरकार तकनीकी प्रगति, स्टार्टअप संस्कृति और डिजिटल इंडिया के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने में जुटी है। इन पहलों से यह स्पष्ट है कि मध्यप्रदेश न केवल आईटी और ईएसडीएम के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहा है, बल्कि देश के अग्रणी टेक हब्स की श्रेणी में शामिल होने की दिशा में भी लगातार कदम बढ़ा रहा है।

### मप्र में जनाधार बढ़ाने अब लगातार सम्मेलन करेगी कांग्रेस

**पहले प्रांतीय फिर जिला और अंत में ब्लॉक स्तर पर,**

**भोपाल।** मप्र में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की कवायद शुरू हो गई है। राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद प्रदेशभर में सम्मेलन का दौर शुरू होगा। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि- पहले प्रांतीय फिर जिला और अंत में ब्लॉक स्तर पर सम्मेलन होंगे। नीचे तक संगठन को मजबूत करने के लिए कवायद की जा रही है। हम ऊपर से नीचे तक आ रहे हैं। एआईसीसी ने कई निर्णय लिए हैं। वह सब नीचे तक पालन होंगे। निचले स्तर से ऊपर तक बात पहुंचेगी। एआईसीसी का संविधान बचाओ प्रोग्राम भी आया है। इसकी पहली मीटिंग ग्वालियर में होगी, इसमें सभी नेता पहुंचेंगे। कई राष्ट्रीय नेता भी शामिल होंगे। कहा- संविधान बचेगा तो ही सभी बचेंगे अगर संविधान नहीं बचा तो देश पर गंभीर संकट होगा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, अजय सिंह यादव ने कांग्रेस के सम्मेलन पर तंज कसते हुए कहा कि- कांग्रेस की स्थिति अब अप्रासंगिक हो गई है।

## प्रदेश अध्यक्ष की उल्टी गिनती, प्रधान आ सकते हैं भोपाल

### नरोत्तम का नाम पर बनेगी आम सहमती

**भोपाल।** मप्र में भाजपा अध्यक्ष पद के इस महीने के आखिर तक एलान होने की संभावना बन गई है। जानकारी के मुताबिक तीन महीने पहले इस चुनाव के प्रभारी घोषित कर दिए गए। केन्द्रीय मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मेन्द्र प्रधान इस हफ्ते भोपाल आ सकते हैं। माना जा रहा है कि मई की शुरुआत तक मप्र में भाजपा को अपना नया अध्यक्ष मिल जाएगा। फिलहाल जिन नेताओं के नाम इस रेस में उनमें लंबे समय से हाशिए पर चल रहे पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा का नाम फिर सुर्खियों में आ गया है। बीते दिनों नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात के लिए भाजपा के तमाम दिग्गज नेता उनके निवास पर पहुंचे थे। हालांकि इस बीच वीडी शर्मा से लेकर डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल तक दिल्ली दौड़ लगा चुके हैं। बाकी प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के ठीक पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मध्य प्रदेश दौरे को भी इस चुनाव में अहम कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है।

सियासी गलियारों में अचानक से पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा का नाम भाजपा अध्यक्ष के लिए पहले नंबर पर आ गया है। इनके पहले तक बैतूल से पार्टी के विधायक हेमंत खंडेलवाल का नाम सबसे मजबूती में था। बीते कुछ हफ्तों में नरोत्तम मिश्रा के बंगले पर सियासी सरगर्मी बढ़ी। कैलाश विजयवर्गीय से लेकर ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे दिग्गजों की नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात हुई। प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का मप्र दौरा भी हुआ। उनके लौटने के बाद से ही अचानक डॉ. नरोत्तम मिश्रा का नाम प्रदेश अध्यक्ष के लिए जोर पकड़ गया।

#### धर्मेद्र प्रधान करेंगे घोषणा

मप्र में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच इस समय सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष का एलान कब होगा। जो नेता इस दौड़ में कतार में हैं, वो भी सब्र बांधे बैठे हैं। इंतजार इस बात का है कि दिल्ली से मप्र में अध्यक्ष के लिए चुनाव प्रभारी बनाए गए धर्मेन्द्र प्रधान जब आएंगे तो उनके हाथ में किसके नाम की पर्ची होगी। दिल्ली में पिछले दिनों हुई बैठक के बाद ये माना जा रहा है कि अब मध्य प्रदेश में पार्टी अध्यक्ष पद के एलान में और देर नहीं लगाएगी।

#### अध्यक्ष पद के लिए रेस में ये दिग्गज भी

मध्य प्रदेश में वीडी शर्मा के बाद भाजपा का अगला अध्यक्ष कौन होगा। ये कार्यकर्ताओं की तरफ से पूछा जा रहा दूसरा सवाल है। मध्य प्रदेश में अध्यक्ष के चुनाव में अब तक इतनी देरी पहले कभी नहीं हुई। हेमंत खंडेलवाल अब भी इस रेस में सबसे आगे बने हुए हैं। वे संघ की पहली पसंद बताए जा रहे हैं। उधर पूर्व मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा से लेकर डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल और पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह, पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया के नाम भी रेस में बने हुए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता संगीता शर्मा कहती हैं कि भाजपा में असल में प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अध्यक्ष पद के चुनाव की गुत्थी पूरी तरह से उलझ गई है। मध्य प्रदेश में भी कतार लंबी होती जा रही है। बेचारे नेताओं कार्यकर्ताओं के सब्र की परीक्षा ली जा रही है। उधर पार्टी के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल कहते हैं कि कांग्रेस को अपनी कार्यपद्धति देखना चाहिए कि जहां जिलाध्यक्ष के चुनाव में खींचतान होती है। अब दिल्ली से नाम तय किये जा रहे हैं, क्योंकि यहां नेताओं के बीच में इतनी ज्यादा गुटबाजी है। भाजपा मजबूत संगठन वाली पार्टी है और हमारी पार्टी में हर निर्णय पूरी प्रक्रिया के साथ होता है। जब जो प्रक्रिया पूर्ण होगी, जो निर्णय होगा। वह सभी को पता चलेगा।

## मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर कर की गई मांग

### एप की निगरानी के लिए हो नियामक एजेंसी का गठन

**भोपाल।** कम्प्यूटर और मोबाइल एप की निगरानी के लिए नियामक एजेंसी का गठन किये जाने की मांग की गई है। इसके लिए एमपी हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी। याचिका में कहा गया है कि नियामक एजेंसी नहीं होने के कारण धोखाधडी करने वाले कम्प्यूटर व मोबाइल एप जनता तक सीधे पहुँच रहे हैं। इसकी वजह से साइबर क्राइम लगतार बढ़ रहे हैं।

याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर अगली सुनवाई 6 सप्ताह बाद निर्धारित की गयी है। जबलपुर निवासी अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता की तरफ से दायर याचिका में कहा गया है कि कम्प्यूटर व मोबाइल में मौजूद गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से डाउनलोड किये गये एप उपयोगकर्ता की सुरक्षा के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहे हैं। एप उपयोगकर्ता की जानकारियां कई कंपनियों को साझा करते हैं, जिससे साइबर ठगी की जाती है। कई एप ऐसे होते हैं जिनमें कान्टेक्ट या कैमरा का कोई उपयोग नहीं होता फिर भी इंस्टॉल करने के बाद ये सभी एप्लीकेशन की परमिशन मांगते हैं। इस तरह से मोबाइल ही डाटा चोरी करने का एक यंत्र चल रहा है। देश में डिजिटल क्रांति के साथ-साथ साइबर धोखाधड़ी की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं।

#### एप के लिए नियामक एजेंसी हो

आम नागरिकों की गोपनीय जानकारी, बैंकिंग विवरण और व्यक्तिगत डेटा चोरी हो जाते हैं। जनहित याचिका में कहा गया कि वर्तमान कानूनी ढांचा केवल तब सक्रिय होता है, जब किसी एप्लिकेशन के जरिए पहले ही नुकसान हो चुका होता है। अगर कोई एप नुकसान पहुंचाता है, तब संबंधित एजेंसियां उसकी जांच करती हैं और उसे प्रतिबंधित करती हैं। जनहित याचिका में मांग की गई है कि इसकी रोकथाम के लिए कड़े नियम बनाएं जाये। याचिका में कहा गया था कि नियामक एजेंसी नहीं होने के कारण धोखाधडी करने वाले एप जनता तक पहुंच रहे है। जिससे बडे पैमाने वित्तीय नुकसान, पहचान की चोरी तथा बडे पैमाने पर गोपनियता का उल्लंधन किया जा रहा है। याचिका में सचिव व निर्देश केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, महानिदेशक उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र पुणे, एप्पल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड मुंबई तथा जियाओमी टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को अनावेदक बनाया गया था। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद अनावेदको को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने अपना पक्ष स्वयं रखा।

## प्रज्ञा, सत्येन्द्र, संजय, सुशांत को मिलेगा उत्कृष्ट सेवा पदक

### किसी अधिकारी का नवाचार ऐसा नहीं जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार आया हो

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय ने वर्ष 2024 के अति उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए 227 और उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए 168 अधिकारियों और कर्मचारियों को चुना है। इनमें आईपीएस प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव, सत्येंद्र कुमार शुक्ला, संजय कुमार, सुशांत कुमार सक्सेना के नाम शामिल हैं।

उधर पीएचक्यू की डीजीपी डिस्क लिस्ट में यह बात सामने आई है कि मध्यप्रदेश में किसी भी जिले में पुलिस कप्तान, आईजी, डीआईजी या डीएसपी, टीआई स्तर के किसी अधिकारी ने कोई ऐसा प्रयोग नहीं किया है जो पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार लाने वाला साबित हुआ हो। डीजीपी द्वारा दिए जाने वाले प्रशंसनीय सेवा और डिस्क सम्मान के लिए जारी सूची में यह बात भी सामने आई है कि प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रशंसनीय काम करने वाले और खेल क्षेत्र में राज्य का प्रतिनिधित्व करते समय राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल करने का काम भी कोई अधिकारी, कर्मचारी नहीं कर सका है। वहीं नक्सल विरोधी और दस्यु विरोधी अभियान के साथ अन्य कैम्पेन के दौरान भी विशेष उपलब्धि वाले काम एक साल में नहीं किए जा सके हैं। पुलिस मुख्यालय द्वारा महानिदेशक प्रशस्ति पत्र और डिस्क चयन को लेकर जारी की गई सूची में इन मामलों में किसी को भी प्रशस्ति पत्र और डिस्क देने के लिए नहीं चुना गया है।

#### इन अफसरों के नाम तय

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक अन्य निर्देश में वर्ष 2024 के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश के आधार पर केंद्रीय गृहमंत्री का अति उत्कृष्ट सेवा पदक और उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों का चयन किया है। इसमें अति उत्कृष्ट सेवा के लिए स्पेशल डीजी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव, डीआईजी प्रशासन सत्येंद्र कुमार शुक्ल के अलावा सहायक महानिरीक्षक, डीएसपी, टीआई, एसआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक और आरक्षक स्तर के कर्मचारी चुने गए हैं। इसी तरह उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए आईजी बालाघाट जोन संजय कुमार, आईजी चंबल सुशांत कुमार सक्सेना, डॉ आशीष आईजी इंटेलिजेंस, योगेश्वर शर्मा एसपी लोकायुक्त सागर, अनिल कुमार विश्वकर्मा एसपी लोकायुक्त उज्जैन, शैलेंद्र सिंह चौहान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त क्राइम भोपाल, डीएसपी ग्वालियर राजेंद्र कुमार खांगर, डीएसपी खरगोन रामलाल शहिदे, उमाकांत चौधरी डीएसपी इंदौर ग्रामीण, महेंद्र रायपुरिया सहायक सेनानी 35वीं वाहिनी सशस्त्र बल मंडला समेत निरीक्षक और एसआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक, आरक्षक स्तर के कर्मचारियों को चुना गया है। पुलिस मुख्यालय द्वारा अनसुलझे प्रकरण सुलझाने के मामले में छिंदवाड़ा जिले की डीएसपी प्रियंका पांडेय, मंदसौर जिले के टीआई अमित सोनी को प्रशस्ति पत्र और डिस्क के लिए चुना गया है। इसके अलावा डीजीपी की ओर से तत्कालीन एसपी डायल 100 भोपाल (वर्तमान में सहायक महानिरीक्षक विधि पीएचक्यू) बीना सिंह, नरसिंहपुर जिले की गाडरवारा थाने की उपनिरीक्षक मनीषा लिल्हारे तथा पुलिस लाइन कटनी में कार्यरत कार्यवाहक निरीक्षक मंजू शर्मा को प्रशस्ति पत्र और डिस्क के लिए चयनित किया गया है।

#### 6 वाहन चालकों को सम्मान

पुलिस मुख्यालय ने जारी की गई सूची में 6 वाहन चालकों को 15 साल तक उत्कृष्ट और दुर्घटना रहित वाहन चलाने की सेवा पर प्रशस्ति पत्र देने का फैसला किया है। इनमें कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार शुक्ला वाहन शाखा रक्षित केंद्र मंडला, संजय राणा पुलिस लाइन उज्जैन, प्रधान आरक्षक विक्रम सिंह तोमर रक्षित केंद्र जिला शाजापुर, अनिल सिंह सेंगर आरक्षक 29वीं वाहिनी दतिया, सुनील कुमार सोनेकर रक्षित केंद्र बालाघाट और गौरीशंकर बेलवंशी जिला छिंदवाड़ा के नाम शामिल हैं। इसके अलावा 15 वर्ष तक स्वच्छ रिकार्ड रखने और अच्छा काम करने पर डीएसपी से लेकर आरक्षक स्तर तक के 45 कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र और डिस्क के लिए चुना गया है।

## भाजपा नेत्री की दुकानों में आग

### समय पर नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड, 15 लाख का माल खाक



**भोपाल।** भोपाल के बागसेवनिया नई बस्ती में किराना और मोबाइल शॉप में आग लग गई। हादसा बीती रात 1:30 बजे हुआ है। आग का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। दोनों दुकानें भाजपा नेत्री शोभा पांडे की हैं। इन दुकानों का संचालन उनका बेटा करता है। शोभा का आरोप है कि रहवासी और पुलिस जवान काफी देर तक आग पर काबू पाने का प्रयास करते रहे।

मोहल्ले के लोगों ने पाइप से पानी डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया। जब तक फायर ब्रिगेड आई, दुकानें जलकर खाक हो चुकी थीं। दमकलकर्मियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया था। पुलिस आग के कारणों की जांच कर रही है।

शोभा पांडे के मुताबिक नई बस्ती में किराना दुकान और मोबाइल-फोटो कॉपी की दुकान का संचालन करती हैं। रात को करीब 1:30 बजे मोहल्ले वालों ने आग लगने की सूचना दी। जब दुकान पर पहुंचे तो तेज लपटें उठ रही थीं। आस पास के लोग बाल्टी में पानी भरकर और नल से पानी डालकर आग को बुझाने के प्रयासों में जुट गए। लेकिन आग बढ़ चुकी थी, काबू में नहीं आई। इस बीच पुलिस मौके पर पहुंच गई, जवानों ने रहवासियों के साथ मिलकर आग को बुझाने का प्रयास किया। लेकिन फायर ब्रिगेड करीब एक घंटे बाद मौके पर आई, तब तक दुकान का अधिकांश सामान जलकर खाक हो गया था। बचा हुआ सामान आग बुझाने के लिए जो पानी डाला गया उससे खराब हो गया।

#### चार फ्रीजर, टीवी, कैमरे और किराना सामान जला

आग की चपेट में आने से किराना दुकान में रखे चार डी फ्रीजर सहित उनमें रखा सामान, किराना सामान जलकर खाक हो गया। जबकि पड़ोस की दुकान में रखी एलईडी टीवी, मोबाइल, सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर, फोटो कॉपी मशीन जल गई। शोभा के मुताबिक आग से करीब 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

### वाहन-विकलांगता भत्ते पर सरकार की चुप्पी

**भोपाल।** मोहन सरकार ने 13 साल बाद प्रदेश के 7.50 लाख कर्मचारियों के सात भत्तों में बढ़ोत्तरी की है। इससे कर्मचारी खुश थे, पर वित्त विभाग ने सारी खुशी पर पानी फेर दिया। वित्त ने पांच भत्तों के तो आदेश कर दिए, पर वाहन और विकलांगता भत्ता के आदेश नहीं किए। इससे कर्मचारी नाराज हैं। दरअसल, कैबिनेट के निर्णय के अनुसार इन भत्तों का लाभ अप्रैल पेड मई माह के वेतन से ही दिया जाना है और जब आदेश नहीं होंगे, तो लाभ भी नहीं मिलेगा। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने बताया कि अप्रैल का महीना समाप्ति की ओर है। 13 साल से जो भत्ते नहीं बढ़ाए गए थे, उन भत्तों में वृद्धि सरकार ने की, लेकिन कैबिनेट की मंजूरी के बाद भी वाहन भत्ता एवं विकलांग भत्ता देने के आदेश जारी न होने पर अप्रैल के वेतन में इनका लाभ मिलना प्रतीत नहीं हो रहा है। प्रदेश के सभी विभागों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि महंगाई के दौर में 13 साल के इंतजार के बाद बढ़ाए गए भत्ते के भुगतान के आदेश नहीं होने से कर्मचारियों को महंगाई से राहत मिलने की उम्मीद नहीं दिख रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री से वाहन भत्ता एवं विकलांगता भत्ता के आदेश जल्द जारी कराने का आग्रह है।

## नए शैक्षणिक सत्र का 3 सप्ताह से ज्यादा समय बीता

**जरूरतमंद बच्चों का आरटीई प्रवेश कब, अभिभावक इंतजार में**

**भोपाल।** नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए 3 सप्ताह से ज्यादा का समय हो गया है। आगामी एक सप्ताह में ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो जाएगा। नि:शुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत प्रवेश प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं हुई है, जिससे जरूरतमंद विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को प्रवेश का इंतजार बना हुआ है। नि:शुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत प्रत्येक निजी व अनुदान प्राप्त स्कूलों में 25 फीसदी सीट संख्या पर आरटीई के तहत प्रवेश दिया जाना अनिवार्य है। गत वर्ष शैक्षणिक सत्र शुरू होने के पहले ही प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू हो गई थी, लेकिन इस बार जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए प्रवेश को लेकर कोई खास हलचल अभी नहीं हुई है। सिर्फ शिक्षा विभाग की ओर से यह आदेश आया है कि प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी, जिसमें आवेदन लिए जाएंगे और ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से प्रवेश आरटीई के तहत दिए जाएंगे। लेकिन आवेदन की प्रक्रिया कब शुरू होगी और इसकी रूपरेखा किस प्रकार रहेगी इसका सभी को इंतजार बना हुआ है। भोपाल से ही आरटीई के मामले में लेटलतीफी चल रही है। वहीं प्रदेश के कई स्कूल ऐसे हैं, जिन्होंने अपने यहां नर्सरी, केजी 1 और केजी 2 को लेकर कक्षाओं की सीटों के बारे में जानकारियां जिला शिक्षा केंद्र को नहीं दी हैं और न ही ऑनलाइन अपलोड की हैं। वहीं कुछ नई मान्यता वाले स्कूलों की स्थिति भी इसी प्रकार है। गत वर्ष जिन स्कूलों ने अपने यहां आरटीई के तहत प्रवेश देने में आनाकानी की थी उनकी वास्तविक स्थिति भी विभाग की नजर में है। कुल मिलाकर नए शैक्षणिक सत्र का पहला महीना जरूरतमंद विद्यार्थियों को बिना विद्यालय के ही बीता जा रहा है और योजना सरकारी कागजों में ही उलझी है।

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
***स्थानीय संपादक: बालेन्द्र गुप्ता।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), **आर.एन.आई.नं. 58842/94**